www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... पत्र नहीं; मित्र RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 9 । अंक – 80 । नर्मदापुरम, मंगलवार 16 जून 2026 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए




## सार-समाचार

### राज्य में कक्षा पांचवीं-आठवीं की पुनः परीक्षा आज से




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में कक्षा पांचवीं और आठवीं की पुनः परीक्षा आज से शुरू होकर 23 जून तक चलेगी। इसमें मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित विद्यार्थी शामिल होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने 2,795 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। कक्षा पांचवीं के 1.17 लाख तथा आठवीं के 1.32 लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा देंगे। प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्रों पर ही मुद्रित किए जाएंगे।

### कांगो में इबोला से 181 मौतें, 782 मामलों की पुष्टि हुई

**किन्शासा, एजेंसी।** कांगो में अब तक इबोला से 181 मौतें हो चुकी है और पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 782 हो गई है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार शाम को 'एक्स' पर यह जानकारी दी। कांगो में मामलों की संख्या इससे कहीं अधिक होने की आशंका है, क्योंकि इस बीमारी के फैलने की पुष्टि 15 मई को हुई थी। इसके अलावा, संक्रमितों के संपर्क में आये लोगों की तलाश की दर भी महज 56 फीसदी है। इबोला का यह नया प्रकोप दुर्लभ 'बुंडीबुग्यो वायरस' से फैला है। इसकी कोई स्वीकृत वैक्सीन या इलाज अभी उपलब्ध नहीं है।

### प्रकाश राज के खिलाफ तिरुपति अदालत में शिकायत



**तिरुपति, एजेंसी।** अभिनेता प्रकाश राज के खिलाफ तिरुपति के एक कोर्ट में आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है। यह मामला उनकी कथित तौर पर हिंदू देवी-देवताओं और रामायण पर की गई टिप्पणी से जुड़ा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अभिनेता ने सार्वजनिक मंचों पर ऐसे बयान दिए, जिनसे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। यह शिकायत भाजपा नेता और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य जी. भानुप्रकाश रेड्डी ने दर्ज कराई है। उन्होंने तिरुपति की एडिशनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कोर्ट में यह मामला सोमवार को दाखिल किया।

### नोएडा अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर वाणिज्यिक उड़ानें शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार यानी 15 जून से आधिकारिक तौर पर वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हो गईं, जिससे उत्तरी भारत में हवाई संपर्क को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है। कम लागत वाली एयरलाइन इंडिगो ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) से उड़ान संचालन शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बनकर इतिहास रच दिया है। एयरलाइन के अनुसार, पहली फ्लाइट लखनऊ से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंची, जबकि इसके कुछ ही समय बाद पहली उड़ान बेंगलुरु के लिए रवाना हुई।

---

ट्रंप ने किया ऐलान, होर्मुज खोलने को भी मंजूरी, गरीबाबादी ने भी की पुष्टि

# अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर सहमत

- दोनों देश 19 जून को स्विट्जरलैंड में एक समारोह में करेंगे हस्ताक्षर
- पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा लेकर आएगा समझौता



**अमेरिका की नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल प्रभाव से हटाने का भी आदेश देता हूं। दुनिया भर के जहाज अब अपनी यात्रा शुरू करें।**
**डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति, अमेरिका**

**समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार हो गया है और शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।**
**काजेम गरीबाबादी, उप विदेश मंत्री, ईरान**

वाशिंगटन, 15 जून (एजेंसियां)। पश्चिमी एशिया में युद्ध खत्म करने को लेकर अमेरिका और ईरान शांति समझौते पर सहमत हो गये है। दोनों देश 19 जून को स्विट्जरलैंड में एक आधिकारिक समारोह में इसपर हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर रविवार देर रात इस संबंध में जानकारी देते हुए लिखा, 'ईरान के इस्लामी गणराज्य के साथ समझौता अब संपन्न हो चुका है। सभी को बधाई! मैं होर्मुज़ जलडमरूमध्य को बिना किसी शुल्क के पूरी तरह खोलने की अनुमति देता हूं। साथ ही, अमेरिका की नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल प्रभाव से हटाने का भी आदेश देता हूं। दुनिया भर के जहाज अब अपनी यात्रा शुरू करें। तेल का प्रवाह फिर से शुरू होने दें।' ईरान ने भी अमेरिका के साथ समझौते को लेकर पुष्टि की है। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि इस पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने ईरानी सरकारी टेलीविजन पर कहा, 'समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार हो गया है और शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में इस ज्ञापन पर आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर किए जाएंगे।' श्री गरीबाबादी ने कहा कि इस ज्ञापन में लेबनान सहित सभी मोर्चों पर आज रात से सैन्य अभियानों को तुरंत रोकने की बात भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'यह ऐतिहासिक समझौता पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा लेकर आएगा। मुझसे पहले कई राष्ट्रपतियों ने ईरान के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हो सके। पहली बार क्षेत्र के नेताओं को ऐसा राष्ट्रपति मिला है जो उन्हें वास्तविक और स्थायी शांति दिलाने में मदद कर सकता है।' श्री ट्रंप ने बताया कि आगामी शुक्रवार को समझौते पर हस्ताक्षर होने के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य खोल दिया जाएगा ताकि वहां बिछी समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाया जा सके। इसके बाद क्षेत्र के दोनों ओर से तेल की आपूर्ति फिर से सामान्य हो जाएगी, जिसका लाभ न केवल इस क्षेत्र बल्कि पूरी दुनिया को मिलेगा।

### ईरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा: वेंस

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने गतिरोध के एक प्रमुख बिंदु यानि परमाणु हथियारों के लेकर कहा कि समझौता यह सुनिश्चित करता है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। श्री वेंस ने फॉक्स न्यूज़ से कहा, 'इसका मतलब है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होगा। वह न तो परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करेगा और न ही उन्हें खरीदने या हासिल करने की कोशिश करेगा। यह बात इस समझौते में शामिल है।' अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका इस बात पर नजर रखेगा कि ईरान समझौते का पालन कर रहा है या नहीं। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि इसके बदले ईरान को क्या मिलेगा।

### 28 फरवरी को शुरू हुई थी जंग

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच 28 फरवरी से जंग की शुरुआत हुई थी। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई जंग के पहले दिन ही मारे गए। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया. 8 अप्रैल 2026 को यूएस ईरान के बीच सीजफायर पर सहमति बनी थी। इसके बाद शांति समझौते को लेकर मध्यस्थों के जरिए बातचीत की जा रही थी। जून में इसी सप्ताह तब हालात और नाजुक हो गए। जब ईरान द्वारा यूएस के अपाचे हेलीकॉप्टर के मार गिराए जाने के बाद दोबारा हमले शुरू हुए थे।

### शरीफ ने अमेरिका और ईरान का किया धन्यवाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा, 'हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। श्री शरीफ ने कहा, 'हम इस विवाद का कूटनीतिक समाधान खोजने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए अमेरिका और ईरान का धन्यवाद करना चाहते हैं। हम इस समझौते तक पहुंचने में मदद के लिए मध्यस्थता की कोशिश में शामिल कतर के महान नेतृत्व का भी दिल से आभार व्यक्त करते हैं। मैं सऊदी अरब और तुर्की के दूरदर्शी नेतृत्व का भी विशेष रूप से धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने इस दिशा में बहुत बड़ा योगदान दिया है।'

---

# कोटा में कल प्रतिरोध का बिगुल फूंकेंगे राहुल

- शिक्षा बचाओ-भविष्य बचाओ नारे के साथ होगी छात्रों की महारैली
- एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंकी




**नई दिल्ली देशबन्धु।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रतिरोध आंदोलन की शुरुआत बुधवार को राजस्थान के कोटा शहर से होने वाली है। इसके लिए उन्होंने एक पोस्टर भी जारी किया है, जिस पर नारा लिखा है- ' शिक्षा बचाओ-भविष्य बचाओ।' इससे साफ है कि राहुल का आंदोलन महज पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक सीमित नहीं है।

उनके एजेंडे में समूची शिक्षा व परीक्षा प्रणाली, शिक्षा का बाजारीकरण और शीर्ष स्तर पर जवाबदेही आदि शामिल हैं। इस आयोजन की तैयारी में एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस व पार्टी की जिला इकाई ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। अपने अभियान के बारे में राहुल ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि इसकी शुरुआत कोटा से होगी, फिर इसे देश के हर कोने में फैलाया जाएगा। उनका कहना है कि जब सरकार सुनने को तैयार न हो तो आवाज ऊंची करनी पड़ती है। 'आइए सब मिलकर ऐसी हुंकार बने, जिसे अनसुना करना नामुमकिन हो।' उल्लेखनीय है कि राहुल ने अब तक कई आंदोलन और यात्राएं की हैं, लेकिन उनके इस प्रतिरोध आंदोलन पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, क्योंकि वे अपनी पार्टी को उस तेवर में ले जाना चाहते हैं, जिसमें उसने अंग्रेजों से लोहा लेकर भारत को आजाद कराया था। इसका संकेत उन्होंने आठ जून को हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में अपने भाषण में दिया था। उनका कहना था कि कांग्रेस प्रतिरोध से पैदा हुई पार्टी है, जो इस विचारधारा का समर्थन करती है कि सभी भारतीय एक समान हैं।

राहुल ने अपने बयान में कहा है कि अब देश में मेहनत का फल नहीं मिलता और सपने देखने पर सजा मिलती है।

### प्रदर्शन कर रहे दीपके के साथ हुई धक्का-मुक्की



**जयपुर, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके के साथ जयपुर में प्रदर्शन के दौरान धक्का-मुक्की और हंगामे की घटना सामने आई है। सोमवार को शहीद स्मारक पर आयोजित विरोध-प्रदर्शन के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने अभिजीत दीपके को थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिसके बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया।

---

चुनाव आयोग को टीएमसी सांसदों ने दी विलय की जानकारी

# एनसीपीआई दल की प्रमुख बनीं काकोली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी लोकसभा सांसदों ने सोमवार को एक और बड़ा राजनीतिक कदम उठाते हुए अपनी नई पार्टी नेशनलिस्ट सिटीजन पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय की औपचारिक सूचना चुनाव आयोग ऑफ इंडिया (ईसीआई) को दे दी है. साथ ही, बागी गुट ने काकोली घोष दस्तीदार को पार्टी का नया प्रमुख चुने जाने की जानकारी भी आयोग को दी है।

टीएमसी के बागी सांसदों का नेतृत्व कर रही काकोली घोष दस्तीदार को वैसे तो टीएमसी बागी गुट के नेताओं ने लोकसभा स्पीकर के समक्ष भी अपना नेता बनाए जाने की जानकारी रविवार को दे दी थी, मगर सोमवार को बागी गुट की तरफ से इसकी औपचारिक चिट्ठी भी चुनाव आयोग को सौंप दी गई. टीएमसी के दो-तिहाई से अधिक सांसदों (20 में से) के समर्थन के साथ यह विलय दल-बदल विरोधी कानून के प्रावधानों के तहत किया गया है. उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पहले ही अलग बैठक व्यवस्था के लिए पत्र सौंपा था. अब चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र में विलय की पुष्टि के साथ काकोली घोष को एनसीपीआई की नई अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का भी ऐलान कर दिया गया है. काकोली घोष दस्तीदार के अनुसार, एनसीपीआई में आधिकारिक विलय कर लिया गया है. हम अब एनडीए के साथ मिलकर देश और बंगाल के विकास के लिए काम करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह नई शुरुआत है। एनसीपीआई, पहले एक छोटी त्रिपुरा-आधारित क्षेत्रीय पार्टी थी, अचानक 20 लोकसभा सांसदों के साथ संसद में मजबूत स्थिति में आ गई है।

### दीपक को दोबारा मंत्री बनाए जाने पर मांगा जवाब

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजनीति से जुड़ा एक अहम मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बेटे और बिहार सरकार में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश को बिना विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बने दोबारा मंत्री बनाए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गंभीर सुनवाई हुई है। सोशल एक्टिविस्ट राकेश कुमार सिंह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहन की पीठ ने मामले को गंभीर मानते हुए बिहार सरकार, दीपक प्रकाश और भारत निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि दीपक प्रकाश राज्य के किसी भी सदन के निर्वाचित सदस्य नहीं हैं, इसलिए वे मंत्री पद पर बने नहीं रह सकते। संविधान के अनुच्छेद 164(4) के अनुसार, कोई भी गैर-विधायक व्यक्ति अधिकतम छह महीने तक ही मंत्री रह सकता है और इस अवधि में उसे विधायिका का सदस्य बनना अनिवार्य होता है। याचिकाकर्ता के वकील सुदीप चंद्रा और सान्या कौशल ने दलील दी कि दीपक प्रकाश को पहली बार 20 नवंबर 2025 को तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्री नियुक्त किया था।

---

साइबर सुरक्षा कार्यशाला का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, कहा

# सीमाओं की तरह महत्वपूर्ण है डेटा की सुरक्षा

### महू में स्थापित किया जाएगा साइबर सुरक्षा अनुसंधान केन्द्र



भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा मध्यप्रदेश बदलते दौर में हर तरह की की चुनौतियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। साइबर अपराधियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश पुलिस ने अच्छा काम करके दिखाया है। ऑपरेशन सिंदूर के समय भी नए दौर में नई तकनीक की चुनौतियां हमने देखी हैं। उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में राज्य डेटा के लिए सायबर सुरक्षा फ्रेमवर्क को सुदृढ़ बनाने विषय पर आयोजित परामर्श कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जीरो बैलेंस पर बैंक अकाउंट खोलने की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साइबर अपराध और डेटा सुरक्षा की दिशा में ठोक कदम उठाते हुए राज्य में साइबर सुरक्षा अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने डाटा सुरक्षा को सीमाओं की सुरक्षा की तरह महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महू स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एवं शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से यह अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया जाएगा। जो केंद्रीय साइबर सुरक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साइबर अटैक की समय पर पहचान और निगरानी में आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने में इसकी महती भूमिका होगी। यह व्यवस्था केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि पूर्वानुमान आधारित निरंतर सतर्कता की दिशा में ठोस कदम साबित होगी। उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री को इसकी जानकारी नहीं थी। डॉ. यादव ने कहा कि जनधन खाते खुलने का परिणाम यह रहा कि देशभर में जरूरतमंदों को सीधे डीबीटी के माध्यम से लाभ सीधे उनके बैंक खाते में दिया जाने लगा। एक समय जब 1 रुपए में 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच रहे थे। डीबीटी की पारदर्शी व्यवस्था लागू होने से शत प्रतिशत लाभ हितग्राहियों तक पहुंचने लगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए डेटा की सुरक्षा सीमा की सुरक्षा के बढ़कर है। सुरक्षा के तमाम चाकचौबंद उपायों के बाद भी अगर जीवनभर की गाढ़ी कमाई एक झटके में कोई साइबर अपराधी उड़ा ले जाए तो दुख होता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साइबर क्राइम के अदृश्य राक्षसों के खिलाफ देवदूत तैयार कर सभी आवश्यक प्रबंधन करना वर्तमान दौर की जरूरत है। दुनिया ने भारत की यूपीआई पेमेंट सिस्टम का लोहा माना है।

---

ईंधन और अनाज की कीमतों ने बिगाड़ा बजट

# खुदरा के बाद अब थोक महंगाई की मार

**मई में थोक महंगाई 9.68 प्रतिशत दर्ज की गई**

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को 2022-23 को नया आधार वर्ष मानते हुए संशोधित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) सीरीज लॉन्च की, साथ ही मंत्रालय ने बताया कि मई में थोक महंगाई दर 9.68 प्रतिशत दर्ज की गई। नई डब्ल्यूपीआई सीरीज ने 2011-12 आधार वर्ष वाली पुरानी सीरीज की जगह ले ली है। यह देश में उत्पादक मूल्य माप प्रणाली (प्रोड्यूसर प्राइस मेजरमेंट) में किए जा रहे व्यापक बदलाव का हिस्सा है। संशोधित डब्ल्यूपीआई के साथ सरकार ने आउटपुट प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (ओपीपीआई), ट्रायल इनपुट प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (आईपीपीआई) और सात सेवाओं के लिए सर्विस प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) की नई सीरीज भी जारी की है। मंत्रालय के अनुसार, प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स की ओर यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सिफारिशों और वैश्विक मानकों के अनुरूप है। उपयोगकर्ताओं को नई प्रणाली अपनाने के लिए पर्याप्त समय देने के उद्देश्य से डब्ल्यूपीआई सीरीज को अगले पांच वर्षों तक जारी रखा जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक, मई में अखिल भारतीय डब्ल्यूपीआई आधारित महंगाई दर सालाना आधार पर 9.68 प्रतिशत रही, जबकि सभी वस्तुओं का सूचकांक बढ़कर 109.9 पर पहुंच गया। प्रमुख श्रेणियों में प्राथमिक वस्तुओं की महंगाई दर मई में बढ़कर 4.99 प्रतिशत हो गई। वहीं, ईंधन और बिजली (फ्यूल एंड पावर) श्रेणी में महंगाई लगभग 30 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि विनिर्मित उत्पादों (मैन्यूफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स) की महंगाई दर इसी अवधि में बढ़कर 7.48 प्रतिशत दर्ज की गई। मंत्रालय ने बताया कि खनिज तेल, कच्चा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, रसायन एवं रासायनिक उत्पाद तथा बेसिक मेटल्स, अनाज, थोक महंगाई बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में शामिल रहे।

---

मोदी का वंदे मातरम की प्रस्तुति से स्वागत

# स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री से मिले मोदी

- रॉबर्ट फिको को भारत आने का न्योता दिया



**पेरिस/ब्रातिस्लावा, (एजेंसियां)।** भारत और स्लोवाकिया के रिश्ते व्यापक साझेदारी तक बढ़ाए गए हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकियन पीएम रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद द्विपक्षीय डिफेंस और ट्रेड डील हुई। ब्रातिस्लावा के महल में स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको से मुलाकात के बाद मोदी ने फिको को भारत आने का न्योता भी दिया। स्लोवाकियन पीएम फिको ने मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक चुने गए प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी और इस उपलब्धि को राजनीतिक चमत्कार बताया। पीएम मोदी दो देशों के दौरे के दूसरे फेज में रविवार रात 2:18 बजे स्लोवाकिया पहुंचे। राजधानी ब्रातिस्लावा में विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराय ब्लानार ने उनका स्वागत किया। मोदी को पारंपरिक स्लोवाक रीति से ब्रेड और नमक भेंट किया गया, जिसे यहां आतिथ्य, सम्मान और सद्भावना का प्रतीक माना जाता है। मोदी ने एयरपोर्ट पर स्लोवाकिया में मौजूद भारतीयों से भी मुलाकात की। दरअसल, मोदी 13 जून से फ्रांस-स्लोवाकिया के 6 दिन के दौरे पर हैं। वे 17 जून को फ्रांस के एवियान में जी-7 समिट में शामिल होंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भी मिल सकते हैं।

**11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए :** भारत और स्लोवाकिया ने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करते हुए द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्ती पर कांग्रेस ने पुतला फूंका



**इटारसी, देशबन्धु।** आज जयस्तंभ चौक पर युवा कांग्रेस द्वारा पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जैसवाल के मार्गदर्शन में एवं जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे मयंक चौरे प्रतीक मालवीय विशाल बड़कुर, अमीर खान, युवराज चौधरी के नेतृत्व में मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त करने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया तथा चुनाव आयोग का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के विपरीत है। इस अवसर पर मयूर जैसवाल ने कहा कि भाजपा ने एक बार फिर अपना महिला विरोधी चेहरा उजागर किया है। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को कमजोर करने और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे युवा कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

प्रदर्शन के दौरान संजय मेहरा हार्दिक जैसवाल, आकाश चौधरी नमन पटेल आदित्य चौधरी अनिमेष यादव विशाल राय करन चौधरी माधव राजपूत ऐश्वर चोरे नमन पटेल (चिल्लई), युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया तथा जनमत के सम्मान की मांग करते हुए नारेबाजी की।

### बारिश की कामना: सिंधी समाज 22 जून को बांटेगा मीठे चावल का प्रसाद

**इटारसी, देशबन्धु।** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में झूलण सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन किया जा रहा है। आगामी 22 जून, दिन सोमवार को शहर के मुख्य बाजार स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ मीठे चावल (तहरी) के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। झूलण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना और विश्व कल्याण की भावना है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष यह परंपरा पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

श्री झूलेलाल मंदिर में सोमवार को सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे, जिसके बाद भगवान को भोग लगाकर आम जनता और श्रद्धालुओं के लिए मीठे चावल का प्रसाद वितरित किया जाएगा। सिंधी समाज और समिति के सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने और इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण का 25 जून तक ली जा सकेंगी दावा-आपत्तियां

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2026 के लिए नगरपालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम में बड़ा बदलाव किया है। आयोग द्वारा जारी नए संशोधित शेड्यूल के तहत अब प्रदेश भर के दावा-आपत्ति केंद्रों पर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। पूर्व में यह अवधि 15 जून 2026 तक ही निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 जून अपरान्ह 3 बजे तक कर दिया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दीपक सिंह द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टर्स और जिला निर्वाचन अधिकारियों (स्थानीय निर्वाचन) को विस्तृत दिशा-निर्देश और संशोधित समय-सारणी जारी कर दी गई है।

# राजधानी एक्सप्रेस में चोरी करने वाला भोपाल का शातिर आरोपी गिरफ्तार, 8.52 लाख का माल हुआ बरामद

*इटारसी, देशबन्धु।* ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाने वाले शातिर चोरों के खिलाफ जीआरपी पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है. भोपाल रेल पुलिस अधीक्षक के विशेष अभियान के तहत इटारसी जीआरपी ने राजधानी एक्सप्रेस में हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से शत-प्रतिशत मशरुका बरामद कर लिया है, जिसकी कुल कीमत करीब 8 लाख 52 हजार रुपये आंकी गई है।

***जाने पूरा घटनाक्रम:*** बीते 6 मई 2026 को कर्नाटक के मांड्या निवासी रमेश पिता मुल्लाक्ट्टे सिद्दलह अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 22692 हजरत निजामुद्दीन-बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस के ए-3 कोच में यात्रा कर रहे थे। ग्वालियर से यात्रा शुरू करने के बाद जब ट्रेन इटारसी स्टेशन के नजदीक पहुंची, तो अज्ञात चोर ने उनकी पत्नी का पर्पल-ग्रीन लेडीज हैंडबैग पार कर दिया. बैग में सोने का मंगलसूत्र, नगदी, एक वनप्लस मोबाइल और सैमसंग का टैबलेट रखा हुआ था। बेंगलुरु जीआरपी में शून्य पर मामला दर्ज होने के बाद डायरी इटारसी भेजी गई। जहां असल अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

***सीसीटीवी और साइबर सेल की मदद से खुली कड़ी :*** रेल पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, एएसपी नीतू सिंह डावर और डीएसपी महेंद्रसिंह कुल्हारा के निर्देशन में इटारसी थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई। टीम ने भोपाल, रानी कमलापति और इटारसी स्टेशनों के सीसीटीवी





कैमरों को खंगाला। साइबर सेल की मदद से चोरी मोबाइल की सीडीआर निकाली, जिससे पहला सुराग हाथ लगा।

पुलिस ने सबसे पहले पुतलीघर भोपाल निवासी शमीम अख्तर 68 वर्ष को दबोचा, जिसके पास से चोरी का वनप्लस मोबाइल बरामद हुआ, शमीम ने बताया कि उसने यह मोबाइल अपने परिचित भूरा उर्फ आशीष से महज 1,000 रुपये में खरीदा था।

***भोपाल से दबोचा मुख्य आरोपी, 2 दिन के रिमांड पर :*** सह-आरोपी शमीम की निशानदेही पर जीआरपी टीम ने 12 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी भूरा उर्फ आशीष पिता पप्पू वंशकार 20 वर्ष, निवासी करौंद चौराहा भोपाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह रात 1 से सुबह 5 बजे के बीच ट्रेनों के आरक्षित कोचों में अनाधिकृत रूप से घुसकर गहरी नींद में सो रहे यात्रियों का सामान पार करता था और ट्रेन धीमी होते ही आउटर पर कूदकर भाग जाता था।

पुलिस ने आरोपी के पास से 8 लाख रुपये कीमत का 54.3 ग्राम वजनी सोने का मंगलसूत्र और 30 हजार रुपये का सैमसंग टैबलेट बरामद किया है. आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है और पुलिस फिलहाल दो दिन के रिमांड पर उससे अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस सफलता पर पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

### कांग्रेस का महाप्रदर्शन : बदहाल सड़कों और बूंद-बूंद पानी के लिए सड़क पर उतरे सैकड़ों कार्यकर्ता

# नपा की तालाबंदी से पहले पुलिस ने रोका



**इटारसी, देशबन्धु।** शहर की बदहाल बुनियादी सुविधाओं, चरमराई सफाई व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस ने एक बड़ा और उग्र प्रदर्शन किया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस आंदोलन के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकाली और नगर पालिका की तालाबंदी के लिए कूच किया। हालांकि, पुलिस प्रशासन द्वारा एसबीआई चौराहे पर की गई भारी बैरिकेडिंग के कारण प्रदर्शनकारियों को वहीं रुकना पड़ा। कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को देखते हुए बाजार क्षेत्र के दुकानदारों ने भी प्रदर्शन के दौरान अपनी दुकानें स्वत: बंद रखीं। पूर्व नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर पालिका दफ्तर की ओर बढ़े कांग्रेसी, एसबीआई चौराहे पर बैरिकेडिंग कर प्रशासन ने रोका, एसडीएम नीलेश शर्मा को मौके पर ही सौंपा ज्ञापन ।

**पहली लाइन से एसबीआई चौराहे तक गरजी कांग्रेस :** आंदोलन की शुरुआत पहली लाइन से हुई। श्री जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला विंग, ब्लॉक व वार्ड स्तर के सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए चिकमंगलूर चौराहा और ऑडिटोरियम रोड होते हुए नगर पालिका दफ्तर की तरफ बढ़ रहे थे। रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र और टीआई सौरभ पांडे के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा, जिन्होंने एसबीआई चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रैली को आगे बढने् से रोका।

**एसडीएम ने मौके पर लिया ज्ञापन, कल चर्चा के लिए बुलाया :** प्रदर्शन के दौरान मयूर जायसवाल ने तीखे तेवर दिखाते हुए प्रशासन को खुली चेतावनी दी कि यदि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं आते हैं, तो वे नपा कार्यालय में तालाबंदी करेंगे। इसके बाद एसडीएम नीलेश शर्मा खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बैरिकेडिंग स्थल पर ही आंदोलनकारी कांग्रेसियों की बातें बेहद गंभीरता से सुनीं और उनका ज्ञापन लिया। एसडीएम शर्मा ने कांग्रेसियों को कल अपने कार्यालय में इन सभी ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा के लिए आमंत्रित किया है।

### किसानों की बड़ी समस्या पर भी ध्यान आकर्षित

*आंदोलन में शामिल वरिष्ठ किसान नेता बाबू चौधरी ने एसडीएम नीलेश शर्मा के समक्ष किसानों का एक गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इन दिनों कटाई का सीजन चल रहा है और वर्तमान नीति के कारण कुप्पियों (कैन) में डीजल नहीं दिया जा रहा है। खेतों में चल रही बड़ी कंबाइन मशीनों को पेट्रोल पंपों तक लाना व्यावहारिक रूप से असंभव है। उन्होंने इस नीति को तत्काल बदलने की मांग की।*

### आंदोलन के प्रमुख मुद्दे, जिन 5 मांगों को लेकर सड़कों पर उतरी कांग्रेस

***सड़कों की दयनीय हालत और भ्रष्टाचार :*** *शहर की अधिकांश सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। कांग्रेस का आरोप है कि 'कायाकल्प' जैसी योजनाओं में करोड़ों की अनियमितता हुई है, जिसकी जांच कर दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई हो।*

***गंभीर पेयजल संकट :*** *कई वार्डों में नल नियमित रूप से नहीं आ रहे हैं और लोग टैंकरों के भरोसे हैं। व्यवस्थित पेयजल आपूर्ति तुरंत बहाल की जाए।*

***नालियों के बीच से गुजरती पाइपलाइन :*** *शहर में कई जगह पानी की पाइपलाइनें गंदी नालियों के भीतर से गुजर रही हैं, जिससे दूषित पानी और संक्रमण का खतरा है। इन्हें तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए।*

***टैक्स वसूली में मनमानी :*** *बाजार क्षेत्रों में नगर पालिका द्वारा बिना किसी उचित कारण के व्यावसायिक करों में भारी बढ़ोतरी की गई है। दुकानदारों के हित में इस मनमाने टैक्स को तत्काल निरस्त किया जाए।*

***ध्वस्त सफाई व्यवस्था :*** *शहर के लगभग सभी वार्डों में कचरे के ढेर लगे हैं और सफाई कर्मी समय पर नहीं आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाया जाए।*

### भ्रष्टाचार चरम पर, हमारी सरकार में भी लापरवाही हुई तो आंदोलन करेंगे

*पूर्व नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि केंद्र से लेकर नगर पालिका तक भाजपा का राज होने से इनके मन से डर खत्म हो गया है। उन्होंने साफ लहजे में कहा, यदि 1 महीने के भीतर जनता से जुड़ी इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो इससे भी उग्र आंदोलन होगा। रही बात विकास की, तो यदि भविष्य में हमारी सरकार भी आई और विकास में लापरवाही हुई, तब भी हम सत्ता को चेताने के लिए सड़क पर उतरेंगे।*

***नेताओं की प्रतिक्रियाएं :किसने क्या कहा?***

*यह आंदोलन हमारी यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने किया, जिसमें हम सभी शामिल हुए। जनता की समस्याओं को लेकर हम सड़कों पर हैं, लेकिन नगर पालिका के किसी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि को इतनी फुर्सत नहीं कि यहां आकर समस्याएं जानें। इनमें जनता के प्रति कोई जिम्मेदारी का भाव नहीं है।*

***शिवाकांत गुड्डन पांडेय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष***

*यह सिर्फ एक राजनीतिक स्टंट और प्रोपेगंडा है। आगामी नगर पालिका चुनाव की तैयारी के तहत कांग्रेस यह सब कर रही है। नगर पालिका शहर के हर क्षेत्र में मुस्तैदी से काम कर रही है और जनता कांग्रेस के इन मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी।*

***पंकज चौरे, अध्यक्ष,*** *नगर पालिका इटारसी*

**पुलिस प्रशासन का बयान :** एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र और टीआई सौरभ पांडे ने बताया कि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग की गई थी ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। आंदोलनकारियों को रोककर प्रशासनिक अधिकारी द्वारा ज्ञापन दिलवाया गया, जिससे स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही।

### बजरा भरने गए युवक से रंगदारी मांगने और मारपीट का आरोप, तीन पर मामला दर्ज

# बुक्की महाराज ने कॉलर पकड़ी, थप्पड़ मारे, फिर यशपाल ने डंडे से किया हमला

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** ग्राम उमरधा स्थित दूधी नदी के पास रविवार को बजरा भरने गए एक युवक के साथ कथित रूप से रंगदारी मांगने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उमरधा निवासी प्रमोद पिता संतोष विश्वकर्मा (21 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने साथियों के साथ मवेशी बांधने की सार में उपयोग के लिए ट्रैक्टर से दूधी नदी से बजरा भरने गया था।

इसी दौरान उमरधा निवासी रंजीत शाह, बुक्की महाराज तथा मेहरागांव निवासी यशपाल राजपूत वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। फरियादी के अनुसार जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे बजरा भरने के बदले 5,000 देने की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। शिकायत में बताया गया है कि बुक्की महाराज ने उसकी कॉलर पकड़कर थप्पड़ मारे, जबकि यशपाल राजपूत ने डंडे से हमला कर उसके पैर में चोट पहुंचाई। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं पुलिस के अनुसार यह मामला दो पक्षों के बीच हुए विवाद से जुड़ा है। फरियादी की रिपोर्ट पर बनखेड़ी पुलिस ने आरोपी रंजीत शाह, बुक्की महाराज एवं यशपाल राजपूत के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 119(1), 296(बी), 115(2) एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। लेकिन घटना के बाद से सभी आरोपी फरार है।

# जनकल्याण शिविर का शुभारंभ, 18 जून तक होगा पंजीयन एवं निराकरण



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** जनपद पंचायत बनखेड़ी प्रांगण में सोमवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 12 जून से 18 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शिविर में नायब तहसीलदार रामसिपाही मरावी, बीपीओ टीकाराम कुमरे, स्वास्थ्य विभाग से अमान सिंह, एसएडीओ कुमारी रूपल राजपूत, सहायक यंत्री अल्केश सोलंकी, ब्लॉक समन्वयक अधिकारी आशीष चौधरी, बीईओ हिमांशु बड़कुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) रीना कुमारिया ने बताया कि शिविर के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं लाभ दिलाने की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इनमें आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), नल-जल योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), कृषि कल्याण योजनाएं, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य विभागीय योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं का समय पर निराकरण कराने की अपील की है।

# लेदर बॉल टूर्नामेंट में कैडबरी क्रिकेट क्लब बना चैम्पियन, विधायक ने बांटे पुरस्कार



**इटारसी, देशबन्धु।** आजाद नगर मैदान पर एनडीसीए और विभिन्न खेल संगठनों के सहयोग से आयोजित लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कैडबरी क्रिकेट क्लब ने जीत लिया। खिताबी मुकाबले में कैडबरी क्लब ने जीनियस क्रिकेट क्लब को हराकर विजेता ट्रॉफी के साथ 11,000 रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता। उपविजेता टीम को 5,000 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। एकेडमी के संचालक व कोच राजीव दुबे ने बताया कि फाइनल में टॉस जीतकर पहले खेलते हुए जीनियस क्लब 15.4 ओवर में 99 रनों पर ऑलआउट हो गई। राहुल सोलंकी ने 53 और अंकित डोले ने 21 रन बनाए। कैडबरी क्लब के लव दुबे ने 4, जबकि राजीव व रोहित ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में कैडबरी क्लब ने मात्र 11.1 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कुश दुबे ने 32 और यश ने 30 रन बनाए। टूर्नामेंट में लव दुबे को मैन ऑफ द मैच व बेस्ट बॉलर, कुश दुबे को मैन ऑफ द सीरीज और यश बरखने को बेस्ट बल्लेबाज का खिताब मिला।

इस अवसर पर कैडबरी एकेडमी के ग्रीष्मकालीन शिविर का भी समापन हुआ, जिसमें 80 बच्चों को मैडल दिए गए। कार्यक्रम में सीनियर डीई मुफीद खान, राहुल चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेश चौकसे, जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजेश चौरे, इटारसी क्रिकेट संघ अध्यक्ष सत्येन्द्र पाल सिंह जग्गी, जितेन्द्र ओझा, कुलभूषण मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि अभिषेक कनोजिया, देवेंद्र सिंह परिहार व अशोक मालवीय, सरपंच जितेंद्र पटेल, एनडीसीए सेक्रेटरी प्रदीप तोमर सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### बैठक में निर्णय, सभा का पौधारोपण कार्यक्रम 28 को

**इटारसी, देशबन्धु।** सनाढ्य ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक का आयोजन श्री शंकर मंदिर इंगल चाल के सत्संग सभागार में किया। बैठक की अध्यक्षता अशोक ढिमोले ने की एवं संचालन राजकुमार दुबे ने किया। माह में जन्म दिवस वाले सदस्यों विनोद शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, ललित तिवारी, सुभाष दुबे, चंद्रकांत शर्मा, रवि त्रिपाठी को जन्म दिवस की बधाईयां देकर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय हुआ कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभा के सदस्य 28 जून को ग्राम गजपुर पहुंचकर, छायादार एवं फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न करेंगे। जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाने के लिए नागरिकों को प्रेरित करेंगे। वर्तमान सभा का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी के पुनर्गठन का दायित्व सभा के संयोजक राजकुमार दुबे को सभा के संविधानानुसार सौंपा गया।

# इटारसी ट्रक ओनर एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**इटारसी, देशबन्धु।** पेट्रोल पंपों पर आपातकालीन स्थिति में कुप्पी या डिब्बों में डीजल न मिलने से आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को लेकर इटारसी ट्रक ओनर वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को प्रशासन का दरवाजा खटखटाया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह भाटिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मुलाकात कर इस समस्या के समाधान के लिए एक ज्ञापन सौंपा।



एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह भाटिया ने एसडीएम को बताया कि सड़कों पर या पेट्रोल पंप के बाहर अचानक ट्रकों का डीजल खत्म होने पर पंप संचालकों द्वारा डिब्बों में डीजल देने से साफ मना कर दिया जाता है। उनका तर्क रहता है कि गाड़ी को मीटर के पास लेकर आओ, तभी डीजल मिलेगा। ऐसी स्थिति में वाहन स्वामियों के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाती है। इसके अलावा, जिन प्रतिष्ठानों या खेतों में जनरेटर चल रहे हैं, उन्हें पेट्रोल पंप तक लाना व्यावहारिक रूप से असंभव है।

एसोसिएशन ने प्रशासन से मानवीय आधार पर निवेदन किया है कि आपातकालीन स्थिति के लिए कम से कम 5 से 10 लीटर डीजल डिब्बों में देने की छूट दी जाए।

### उत्तरी बंगलिया की आवागमन समस्या पहुंची जीएम और सांसद तक

# अंडरपास, ओवर ब्रिज और ऊंची पुलिया निर्माण की मांग, जीएम ने दिए निरीक्षण के निर्देश

*इटारसी, देशबन्धु। वार्ड 8 उत्तरी बंगलिया की वर्षों पुरानी आवागमन समस्या के स्थाई समाधान की मांग सांसद और रेलवे के सर्वोच्च अधिकारियों तक पहुंच गई है। सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी को दो अलग-अलग समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे। सांसद चौधरी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इटारसी प्रवास पर आए पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) दिलीप कुमार सिंह और डीआरएम पंकज त्यागी को यह ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया।*



*ज्ञापन में वार्ड 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया के माध्यम से बताया गया कि रेलवे लाइन के समीप स्थित रपटे (पुलिया) पर हल्की बारिश में ही पानी भर जाता है, जिससे वार्डवासियों और रेलकर्मियों का संपर्क टूट जाता है। पुलिया जर्जर हो चुकी है, इसलिए यहां ऊंची कलवर्ट पुलिया बनाई जाए। दूसरे ज्ञापन में उत्तर और दक्षिण बंगलिया के बीच रेलवे बाउंड्रीवाल बनने के कारण हो रही दिक्कतों का हवाला देते हुए यहां एक अंडरपास (अंडरब्रिज) या ओवरब्रिज निर्माण की मांग की गई, ताकि लोगों को जान जोखिम में डालकर ट्रैक पार न करना पड़े।*

*सांसद दर्शन सिंह चौधरी और नपा अध्यक्ष पंकज चौरे की उपस्थिति में हुई इस उच्चस्तरीय चर्चा के बाद रेल महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने डीआरएम पंकज त्यागी को तुरंत मौके का भौतिक निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए हैं। इस सकारात्मक रुख से क्षेत्रवासियों में बरसों पुरानी समस्या के सुलझने की उम्मीद जाग गई है। इस दौरान नपा अध्यक्ष ने वार्ड 33 में सड़क निर्माण की अनुमति पर भी बात की। इस अवसर पर जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत और मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।*

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### पुरुषोत्तम मास में वृद्धजनों को भोजन कराकर किया पौधारोपण




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सनातन रेवा धारा समीति के द्वारा पुरषोतम मास में बांद्राबाध के आसरा वृद्धाश्रम में वृद्धाजनो को भोजन करवाया और वृक्षारोपण कर अशोक के वृक्ष लगाये। इसमें समिति की सभी महिलाएं ममता मिश्रा, रेणु दुबे, कान्ति तिवारी, सविता व्यास, राखी तिवारी, ज्योती पुरोहित, दीपशिखा मिश्रा, वंदना मिश्रा, कुसुम शर्मा, अपूर्वा दुबे उपस्थित रहे।

### विवादित स्थलों का किया मुआयना



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शहर क्षेत्र अंतर्गत मुख्य विवादित स्थलों राम जानकी मंदिर पहुंच संयोजक सोनू वर्मा अब उनके साथियों से वार्तालाप कि, मामा भांजे की मजार एवं एक्सीलेंस स्कूल के पीछे स्थिति विवादित मजार का शहर थाना प्रभारी कोतवाली गौरव बुन्देला ने भ्रमण कर स्थिति का मुआयना किया।

### वृद्धाश्रम में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार दिवस

**हरदा , देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में जिले के स्थानीय वृद्धाश्रम परिसर में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिले से लगभग 100 से अधिक वरिष्ठ जनों ने सहभागिता की। उप संचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों पर हो रहे दुर्व्यवहार, अत्याचार, सोशल क्राइम, वित्तीय ठगी एवं शारीरिक, मानसिक, सामाजिक शोषण की रोकथाम को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर विधिक जानकारी देने हेतु अतिथि के रूप में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स श्रीमती सुरेंद्र कौर उपस्थित रही। उन्होने वरिष्ठ जन अधिकार अधिनियम 2007 के नियम 2009 के अंतर्गत सभी भरण पोषण संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर पेंशनर संघ के अध्यक्ष बी.आर. सगर एवं सार्थक सेवा आश्रय समिति के अध्यक्ष बलराम काले उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि माह में एक बार माता- पिताओं का गेट टू गेदर होना अनिवार्य है। आप जिस भी सोसाइटी में रहते हैं, अपने वृद्धों को माह में एक बार आपस में मिलवाईये एवं असहाय वृद्ध जनों के लिए अनुकूल वातावरण बनायें। इसके अलावा कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग, जिले की स्वैच्छिक संस्थाएं, पेंशनर्स एसोसिएशन, वरिष्ठ नागरिक मंच एवं वृद्धाश्रम के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# तवा पुल मरम्मत कार्य के चलते आज शाम 6 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

***नर्मदापुरम, देशबन्धु।*** *जिले के व्यस्ततम एवं प्रमुख तवा पुल पर भारी वाहनों के अत्यधिक आवागमन के कारण पुल मरम्मत योग्य हो गया है। पुल की समय पर मरम्मत नहीं होने की स्थिति में किसी अप्रिय घटना की संभावना एवं सुगम यातायात मार्ग अवरुद्ध होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए तवा पुल पर भारी वाहनों के आवागमन को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया गया है।*

*अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अनिल कुमार जैन द्वारा संभागीय प्रबंधक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, संभाग नर्मदापुरम के प्रतिवेदन के आधार पर आदेश जारी करते हुए तवा पुल की मरम्मत कार्य अवधि के दौरान आज दिनांक 16 जून 2026 शाम 06:00 बजे तक भारी वाहनों के आवागमन को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है।*

*संभागीय प्रबंधक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, संभाग एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात), जिला द्वारा संयुक्त निरीक्षण उपरांत भारी वाहनों हेतु निम्नानुसार वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं— पिपरिया/जबलपुर से भोपाल/इंदौर की ओर जाने वाले भारी वाहन व्हाया पिपरिया-सांडिया-बरेली मार्ग से भोपाल/इंदौर की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। सोहगपुर/माखननगर से भोपाल/इंदौर की ओर जाने वाले भारी वाहन व्हाया माखननगर-आरी-सांगाखेड़ा-बांद्राभान-नर्मदापुरम मार्ग से डायवर्ट किए जाएंगे। माखननगर से इटारसी/बैतूल की ओर जाने वाले भारी वाहन व्हाया माखननगर-आरी-सांगाखेड़ा-बांद्राभान मार्ग होते हुए इटारसी/बैतूल की ओर भेजे जाएंगे। इटारसी/बैतूल से माखननगर/पिपरिया की ओर जाने वाले भारी वाहन व्हाया इटारसी-मंडी दोखेड़ा-बांद्राभान-सांगाखेड़ा-आरी मार्ग से माखननगर/पिपरिया की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। नर्मदापुरम/भोपाल से माखननगर/पिपरिया की ओर जाने वाले भारी वाहन व्हाया बांद्राभान-सांगाखेड़ा-आरी मार्ग से माखननगर/पिपरिया की ओर भेजे जाएंगे।*

# कांग्रेसी सड़क पर: मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त होने पर युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर जलाया निर्वाचन आयोग का पुतला

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस द्वारा विगत दिवस स्थानीय पीपल चौक पर राज्यसभा चुनाव मे बेईमानी और नियम प्रक्रिया के विरुद्ध कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन के नामंकन निरस्त करने को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला जहाँ कांग्रेसजनों ने नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट गेट पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपकर निर्वाचन आयोग का पुतला फूंका नगर अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने बताया मीनाक्षी नटराजन का पर्चा लोकतान्त्रिक परम्परा के विपरीत जाते हुए पक्षपात पूर्ण तरीके से निरस्त किया गया है। रिटर्निंग आफिसर के इस निर्णय से लोकतंत्र को गहरा आघात पहुंचा है एव लोकतंत्र मे महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने वाले प्रयासो पर गहरी ठेस है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे ने कहा ऐसे असंवेधानिक कार्यों से निष्पक्ष और स्वतंत्र संवेधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसजनों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की के रिटर्निंग आफिसर के परचा निरस्त करने के आदेश को खारिज कर मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किया जावे ताकि निर्वाचन आयोग जैसे स्वतंत्र और निष्पक्ष संवेधानिक संस्थाओ पर जनता का विश्वास बना रहे।




इस दौरान वरिष्ठ नेत्री कुसुम तोमर ,शमशाद ख़ान ,प्रदीप दुबे, धर्मेंद्र तिवारी, मधुसूदन यादव , फैजान उल हक़, मनोज तोमर, कुलदीप राठौर , गुलाम हैदर ,महेश पाण्डेय, आयुष्मान अवस्थी, अमित खत्री , रिजवान खान, आशीष दीवान, सिराज खान, जागेश यादव , बबलू राठौर , बिक्की आर्य , अफराज खान, ऋतिक चौहान, गुलरेज बेग , जमील खान, अजय शर्मा ,पंकज तिवारी विजेंद्र राजपूत , कीर्ति मिश्रा , संतोष अहीरवार , नीरज सैनी , हर्ष मलैया , गुमान मांडले , अजय अहिरवार , अलमास खान, ललित मौर्य , कृष्णा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### हरदा में घंटाघर से नारायण टॉकीज तक निकाला विरोध मार्च

# संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर उठने वाले प्रश्न लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय : डा. दोगने



**हरदा , देशबन्धु।** मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किए जाने के विरोध में सोमवार को युवक कांग्रेस के नेतृत्व में घंटाघर से नारायण टॉकीज तक चुनाव आयोग की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की तथा लोकतंत्र की रक्षा की मांग उठाई। नारायण टॉकीज चौराहे पर चुनाव आयोग का प्रतीकात्मक दाह संस्कार कर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा सभा आयोजित की गई।

सभा को संबोधित करते हुए युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश चौहान ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन बिना किसी ठोस आधार के निरस्त किया गया, जबकि कांग्रेस द्वारा उठाए गए तथ्यों और आपत्तियों पर कोई गंभीर सुनवाई नहीं की गई। इस अवसर पर विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव और स्वतंत्र संस्थाओं पर निर्भर करती है। यदि संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं तो यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास को बनाए रखना सभी संस्थाओं की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार, नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, हेमंत टाले, सुरेंद्र जैन, गोविंद व्यास, सुहागमल विश्नोई, पिंकू जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभा के अंत में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# कृषि कार्यों के लिए केन के माध्यम से डीजल उपलब्ध कराया जाए: विधायक

**हरदा , देशबन्धु।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने मुख्यमंत्री एवं हरदा कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर कृषकों को कृषि कार्यों हेतु केन के माध्यम से डीजल उपलब्ध कराये जाने की मांग की।

उन्होंने पत्र में लेख किया कि हरदा जिले सहित समस्त मध्य प्रदेश के कृषक गण आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों एवं अन्य कृषि गतिविधियों में व्यस्त हैं। खेतों की जुताई, बुवाई, सिंचाई तथा कृषि यंत्रों के संचालन के लिए डीजल की निरंतर आवश्यकता बनी हुई है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक किसानों की कृषि भूमि एवं कृषि उपकरण पेट्रोल पंपों से काफी दूरी पर स्थित हैं, जिससे उन्हें आवश्यक मात्रा में डीजल प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। वर्तमान व्यवस्था में केन के माध्यम से डीजल प्रदाय पर प्रतिबंध अथवा सीमित अनुमति होने के कारण किसानों को बार-बार पेट्रोल पंप तक जाना पडता है, जिससे समय, श्रम एवं आर्थिक संसाधनों की अतिरिक्त हानि हो रही है। कृषि कार्यों के महत्वपूर्ण समय में यह स्थिति किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है तथा कृषि कार्यों की गति भी प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि अन्य राज्यों द्वारा कृषकों की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक शर्तों के अधीन स्व-उपयोग हेतु केन के माध्यम से डीजल क्रय एवं परिवहन की अनुमति प्रदान किए जाने संबंधी व्यवस्थाएं लागू की गई है, जिससे किसानों को राहत प्राप्त हुई है। उन्होंने अनुरोध किया कि हरदा जिले सहित समस्त मध्य प्रदेश के किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कृषि कार्यों के लिए आवश्यक डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित सुरक्षा मानकों के अधीन कृषकों को स्व-उपयोग के लिए केन के माध्यम से डीजल प्राप्त करने की अनुमति प्रदान किए जाने संबंधी आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग को जारी करने का कष्ट करें। इससे प्रदेश के लाखों किसानों को सुविधा प्राप्त होगी तथा कृषि कार्य समयबद्ध रूप से संपादित हो सकेंगे। हरदा विधायक डॉ. दोगने ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में कृषि कार्यों के दौरान किसानों को डीजल उपलब्ध कराने में कई व्यावहारिक कठिनाइयाँ सामने आ रही हैं, जिससे समय पर खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचलों में खेतों की दूरी अधिक होने तथा कृषि कार्यों की तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए किसानों को बार-बार डीजल पंप तक जाना पडता है, जिससे उनका समय, श्रम और आर्थिक व्यय अनावश्यक रूप से बड जाता है। ऐसी स्थिति में किसानों को निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं नियमों के अंतर्गत केन के माध्यम से डीजल प्राप्त करने की अनुमति दिए जाने की आवश्यकता है। यदि यह व्यवस्था लागू की जाती है तो किसानों को बडी राहत मिलेगी और वे अपने कृषि कार्यों को अधिक सुचारू एवं समयबद्ध तरीके से पूरा कर सकेंगे। इससे न केवल कृषि उत्पादन में सुधार होगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्यव्यापी योगा सप्ताह कैंपेन 15 से 21 जून तक चलेगा

### जिला जेल, में बंदियों के लिए शिविर आयोजित



**हरदा , देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक शिक्षा सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला जेल, हरदा में ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' 21 जून 2026 के अवसर पर जेल में निरूद्ध बंदियों के लिए राज्यव्यापी योग सप्ताह कैंपेन 15 जून 2026 से 21 जून 2026 तक अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों द्वारा योगासन किया गया।

शिविर का शुभारंभ ऑनलाईन माध्यम से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति के करकमलों से प्रात: 07:30 बजे किया गया। शिविर के आयोजन किये जाने का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों को योगासन के लाभ बता कर उनको उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्द्रशेखर राठौर ने जिला जेल हरदा में निरूद्ध बंदियों को ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में जागरूकता बढाना है। यह प्राचीन भारतीय परंपरा तनाव कम करने, लचीलापन बढाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढावा देने में मदद करती है। योग हमारे स्वस्थ जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होने बताया कि ''योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने की कला है।'' उन्होने बंदियों को विभिन्न योगासनों की शिक्षा दी साथ ही नालसा/सालसा की चल रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान उन्होने बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी एवं नशा न करने की सलाह भी दी।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी, सौरभ कुमार दुबे ने जेल में निरूद्ध बंदियों को योगा करने से होने वाले प्रमुख लाभों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगासन से शरीर मजबूत, लचीला और निरोगी बनता है। यह पाचन तंत्र, श्वसन प्रणाली और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है।

# 16 से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**हरदा , देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को ब?वा देने और जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को 'बंद ऋतु' (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इन दो महीने की अवधि में प्रदेश की सभी नदियों और उनसे जुडे जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। गुरुवार को संचालनालय मत्स्योद्योग ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस अवधि में यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से मत्स्याखेट या परिवहन करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंध से ऐसे छोटे तालाब या अन्य जल स्रोत जिनका किसी भी नदी से कोई संबंध नहीं है और जिन्हें 'निर्दिष्ट जल' की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उन पर यह नियम लागू नहीं होंगे। इन निजी या स्थानीय छोटे तालाबों में सामान्य दिनों की तरह मत्स्य पालन और आखेट किया जा सकेगा। मछुआ समुदाय को समय रहते जानकारी मिलने से मछुआरे अनजाने में होने वाली किसी भी परेशानी से बच सकेंगे और नियमों का पालन कर प्राकृतिक रूप से मत्स्य बीज उत्पादन में सहयोग कर सकेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार बनखेड़ी तहसील बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम**

रा.प्र.क्र. /0108 /ब-121/2026-27
पेशी दिनांक:- 01.07.2026

**उद्घोषणा**

1. राजकुमार पटेल पिता बलीराम पटेल जाति किरार निवासी डूमर तह. बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम............................आवेदक

**बनाम**

1. सर्वसाधारण.....................................................................अनावेदक

इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है आवेदक राजकुमार पटेल पिता बलीराम पटेल जाति किरार निवासी डूमर तहसील बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम द्वारा मृत्यु के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति के लिए आवेदक अपनी दादी का मृत्यु प्रमाणपत्र आदेश चाहने हेतु लोक सेवा केन्द्र बनखेड़ी के माध्यम से मूलत: आवेदनपत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: आप स्वयं व वैध प्रतिनिधि अथवा मान्य अभिकर्ता सहित प्रकाशन दिनांक **से 01.07.2026** के भीतर न्यायालय तहसीलदार बनखेड़ी के समक्ष उपस्थित होकर उक्त मृत्यु के 1 वर्ष के पश्चात मृत्यु दिनांक 02.07.1986 के पंजीयन के लिए अनुमति के आवेदनपत्र के संबंध में अपना जबाव एवं पक्ष समर्थन में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति विधि अनुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 15.06.2026 को न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**श्रीमती अंजू लोधी,तहसीलदार**
**बनखेडी जिला नर्मदापुरम**

**Presiding Officer: मनीष कुमार पारीक**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000041/2025)

अर्चना काबरा..................................................................वादी
Vs
शिवदास काबरा.....................................................प्रतिवादी
Process Id-/2026, **पेशी दिनांक :- 22.06.2026**

प्रेषिती-

(1) शिवदास काबरा पिता गोविन्ददास काबरा पता-गंगा जमुना गार्डन रेल्वे क्रासिंग के पास करेली तहसील करेली जिला नरसिंहपुर (2) अनंत साहू पिता गोपाल साहू पता- इतवारा बाजार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम (3) राघवेन्द्र काबरा पिता शिवदास काबरा पता- गंगा जमुना गार्डन रेल्वे क्रासिंग के पास करेली तहसील करेली जिला नरसिंहपुर

यह कि प्रार्थी अर्चना काबरा ने आपके विरूद्ध अपील अंतर्गत आदेश 9 नियम 9 व्यवहार संहिता के तहत के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 12 May 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया

सील

**मनीष कुमार पारीक**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जिला नर्मदापुरम**

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# वर्षा बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल: मजदूर से महिला जिप्सी चालक और टूरिस्ट गाइड बनने तक किया सफर

### मप्र पर्यटन की पहल ने बदली जिंदगी, सुरक्षित पर्यटन परियोजना से मिला सम्मानजनक रोजगार



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं जिला प्रशासन द्वारा जिले के पर्यटन स्थलों पर स्थानीय युवाओं और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। पर्यटन विकास के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाए जा रहे नवाचारों ने कई परिवारों के जीवन में बदलाव लाया है। पचमढ़ी के मढ़ई क्षेत्र की निवासी वर्षा बाड़ीवा इसकी एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई हैं, जिन्होंने मजदूरी से शुरुआत कर आज एक सफल महिला जिप्सी चालक एवं टूरिस्ट गाइड के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की है।

25 वर्षीय वर्षा बाड़ीवा का जीवन आर्थिक संघर्षों के बीच बीता। गांव में सीमित संसाधनों और आर्थिक परिस्थितियों के कारण वे दसवीं कक्षा तक ही शिक्षा प्राप्त कर सकीं। परिवार की आजीविका का मुख्य आधार खेतों में मजदूरी था, ऐसे में वर्षा ने भी परिवार का सहयोग करने के लिए मजदूरी का कार्य शुरू कर दिया। हालांकि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनके भीतर आत्मनिर्भर बनने और कुछ अलग करने का जज़्बा हमेशा बना रहा।वर्षा के जीवन में बदलाव तब आया जब उन्हें मढ़ई में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन परियोजना की जानकारी मिली। इंडियन ग्रामीण सर्विसेस (आईजीएस) संस्था द्वारा आयोजित एक जागरूकता बैठक में उन्होंने भाग लिया, जहां महिलाओं को पर्यटन क्षेत्र से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराने की योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। यही अवसर उनके जीवन में नई दिशा लेकर आया।

परियोजना के अंतर्गत वर्षा को 30 दिवसीय जिप्सी चालक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें वाहन संचालन के साथ-साथ पर्यटकों से संवाद, पर्यटन स्थलों की जानकारी, सुरक्षा मानकों एवं टूरिस्ट गाइड के रूप में कार्य करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण ने उनके कौशल को निखारा और आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी।

आज वर्षा बाड़ीवा मढ़ई क्षेत्र में महिला जिप्सी चालक एवं टूरिस्ट गाइड के रूप में कार्यरत हैं। वे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को सतपुड़ा के घने जंगलों, वन्यजीवों, प्राकृतिक सौंदर्य तथा क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित करा रही हैं। उनका कहना है कि यदि उन्हें यह प्रशिक्षण और प्रमाणन नहीं मिला होता, तो वन एवं पर्यटन क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करना उनके लिए बेहद कठिन होता।

वर्षा बताती हैं कि इस परियोजना ने उन्हें केवल रोजगार ही नहीं दिया, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य का विश्वास भी प्रदान किया है। वर्षा ने मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जिला प्रशासन एवं इंडियन ग्रामीण सर्विसेस संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। आईजीएस संस्था एवं उसके सदस्य महेश प्रजापति द्वारा पचमढ़ी, मढ़ई और तवा क्षेत्र में लगातार महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर ने बताया कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं जिला प्रशासन द्वारा 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं।

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आरोह का समापन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आरोह का समापन सुश्री उमा पटेल खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि 15 अप्रैल से 31 जून तक चलने वाला ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आरोह का समापन हांकी टर्फ मैदान पर मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा, रोहित फौजदार, डा अतुल सेठा, डा आशीष चटर्जी, विघायक प्रतिनिधि रमेश उपरारिया के अतिथि में सम्पन्न हुआ।

डॉक्टर अतुल सेठा संचालक कैंसर अस्पताल द्वारा पच्चीस प्रशिक्षकों को ट्रैकसूट वितरण किये गये। दीपक पचलानिया द्वारा उभरते उत्कृष्ट खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह उपलब्ध करवाई गई।

इस दौरान प्रशिक्षकों एवं उभरते हुए खिलाड़ी फुटबॉल विजय पुरोहित अलंकृत पांडे,कनक साहू, एस एन जी स्कूल मैदान कमल ठाकुर,शुभ दोहरे, हेज़ल सोनी, खेल प्रशाल इटारसी भागवत राजपूत, अंकुश कुम्भरे,विराज सिंह राजपूत, एस पी एम आदित्य किरार दर्श दीक्षित, जायेश बड़वाल, आर्चरी वीरसरवर खेल प्रशाल इटारसी अश्वनी मालवीय, गांधी ग्राउंड दीपसिंह ठाकुर, यशिमत साहू, अनंत कहार, वॉलीबॉल बख्तावर खान शा कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय , ग्राम निमसाड़ियां राहुल मालवी, शतरंज आकेत सोनी, क्रिकेट दीपक तिवारी आरना तिवारी,/तैराकी सेठानी घाट उमाशंकर व्यास, भूमि उइके, अनंत शर्मा, डॉल्फिन अकादमी बुघवाडा मार्तंड देशमुख , दिव्यांश यादव, सुमित बरमैया बैडमिंटन पुलिस लाइन एवं इटारसी शिवांश तिवारी, घीरा सिंह चौहान, चेतन आंकरे बैडमिंटन डॉल्फिन अकादमी आव मालवीय,भव्या जयसिंह भदोरिया, पवन कुमार हाकी, टर्फ मैदान, ऑस्कर ऐरीन मोजिस हैंडबॉल,आबरीन मोजिस, हर्ष गौर, कराटे रोशनी सोनकर पुलिस लाइन जाह्नवी वैष्णवी ,अनंत यादव,कुराश /जूडो वैशाली तिवारी तृषा मिश्रा सान्वि गौर, बास्केटबॉल गीता केवट राजवीर केवट ,रियांशी यादव,प्रीतम पुरवरिया ब्लॉक समन्वयक पिपरिया को दिए गए खेल घटकों को नियमित तरीके से कराने वा द्वितीय अधिक रजिस्ट्रेशन करने पर पुरस्कृत किया गया, ब्लॉक में खिलाडियों का अधिक रजिस्ट्रेशन करवाने पर ब्लॉक समन्वयक महेंद्र पचलानिया को सम्मानित किया गया। यहां कराते का प्रदर्शन भी किया गया, संचालन श्रीमती आरती शर्मा ने किया ।

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद महासमुन्द, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

**Tele Phone No-07723-224985 Email ID-nppmahasamund@gmail.com**

**क्र./644 /न.पा./जल.वि./2026-27** **महासमुन्द दिनांक 15/06/2026**

**जेम पोर्टल बिड आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका परिषद् महासमुन्द के अधीन शासन के जेम पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्लेसमेन्ट (ठेका पद्धिति) के माध्यम से नगर पालिका परिषद महासमुन्द हेतु उच्च कुशल, कुशल, अकुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमिको को उपलब्ध कराये जाने हेतु आनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र | बिड संख्या | कार्य - विवरण | अनु. लागत राशि | अमानत राशि | बिड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/B /766/7665393 Date 15.06.2026 | Manpower Outsourcing services Minimum wage Unskilled: Not Required: othrs, Manpower Outsourcing Not required others Manpower services - Minimum wage-Semi-skilled: outsourcing Services Minimum wage Skille& High School others Manpower outsourcing Services Minimum wage Highly Skilled graduate Admin Manpower Outsourcing services Minimum wage Highly skilled High school others. | 28861020.00 | 144305.00 | 06.07.2026 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय से एवं शासन के अधिकृत जेम पोर्टल के वेब साईट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद महासुंद**

नर्मदापुरम, मंगलवार 16 जून 2026
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# लोकतांत्रिक गिरावट की पराकाष्ठा

वैसे तो 2014 में सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को लगातार गर्त में ले जा रही है, परन्तु पश्चिम बंगाल में वहां की सत्ता से हट गयी तृणमूल कांग्रेस पार्टी को रातों-रात तोड़कर उसका जो हश्र किया गया है, वह शायद गिरावट का सबसे निचला स्तर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में अनेक ऐसे कारनामे किये गये हैं जो लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गयी किसी सरकार के लिये बहुत शर्मनाक है।

इस बात का लम्बा हिसाब लगाया जा सकता है कि केन्द्र सरकार में आने के बाद अपनी जांच एजेंसियों, अलग-अलग ढंग से जुटाये गये पैसों और बेहिचक गैर-लोकतांत्रिक तरीके अपनाते हुए भाजपा ने कई राज्यों में गैरभाजपा सरकारों में तोड़-फोड़ की, अनैतिक तरीकों से केन्द्र के अधीन मौजूद ताकत का बेजा इस्तेमाल करते हुए भारतीय लोकतंत्र की नींव को हिलाकर रख दिया है।

वैसे तो प. बंगाल में भाजपा बड़े अंतर से न केवल जीती वरन सरकार बनाने के लिये उसके पास साफ बहुमत भी उपलब्ध हो गया है। ऐसे में सवाल हो सकता है कि इसके बावजूद टीएमसी को संसद में तोड़ने की ज़रूरत है? यह अन्य दलों को साफ संकेत हैं कि आगे जाकर उनका भी यही हश्र होगा। इसे अगले वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों से भी जोड़ा जा रहा है।

यह भी साफ हो गया है कि भाजपा अब न केवल विपक्षी दलों को तोड़ेगी वरन हर पार्टी के कथित बागी उम्मीदवारों को निर्दिष्ट भी करेगी कि उन्हें फिलहाल किस दल में शामिल होना है। अब तक तो यही होता आया है कि अपनी पार्टी को किसी भय या लालच के चलते छोड़ने वाले विधायक या सांसद सीधे भाजपा का रुख करते थे। चाणक्यगिरी का सम्भवत: यह नवाचार है कि टीएमसी के बागी 19-20 सांसदों को कुछ वक्त पहले हावड़ा में बनी और त्रिपुरा में चुनाव लड़ने वाली नेशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल होने के लिये कहा गया। इस घटनाक्रम से एनसीपीआई का नाम लोग जान पाये हैं। राज्य में वह भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का घटक दल है। हालांकि इसकी संस्थापक अध्यक्ष शिवली कुंडू और संगठन सचिव शांतनु डे का कहना है कि इसकी जानकारी उन्हें सोशल मीडिया के जरिये मिली। वैसे शिवली का कहना है कि काफी अरसा पहले वे इस पद को छोड़ चुकी हैं तथा अब उसका अध्यक्ष कौन है- वे नहीं जानतीं। हालांकि शांतनु ने टीएमसी से आने वाले बागी सदस्यों का अपनी पार्टी में स्वागत किया है।

अगर एनसीपीआई की राजनीतिक ताकत की बात करें तो इस दल के केवल दो सदस्यों ने 2023 के विधानसभा चुनाव में भागीदारी की थी। दोनों को मिलाकर कुल 822 वोट मिले थे। स्वाभाविकत: उसके किसी भी सदस्य को विधानसभा में प्रवेश नहीं मिला था। दोनों की जमानत जब्त हो गयी थी। कल्पना कीजिये भारतीय लोकतंत्र की विद्रूपता का जहां ऐसी पार्टी के 19-20 लोकसभा सदस्य हैं जिसे कुल प्राप्त मतों की संख्या तिहाई में सिमटी हुई है। जैसा अक्सर कहा जाता है कि किसी पार्टी को छप्पर फाड़ पैसे या वोट मिलते हैं, एनसीपीआई के बारे में कहा जा सकता है कि उसे छप्पर फाड़ सांसद मिले हैं। शायद अपनी राजनीति के बल पर उसे यह उपलब्धि कभी हासिल नहीं हो सकती थी। बस, यही वह 'चाणक्यगिरी' है जो देश के लोकतंत्र को मटियामेट कर रही है।

टीएमसी के सदस्यों पर गाज गिरेगी- यह तो पहले से ही तय था। इन ज्यादातर सांसदों में बेहद तेज़-तर्रार लोग हैं जिनके पिछले एक या दो कार्यकाल बेहद उपयोगी रहे हैं। वे न सिर्फ जनता की आवाज उठाते थे, बल्कि वे सशक्त प्रतिरोध के सच्चे प्रतिनिधि लगते थे। विपक्षी दलों की कम संख्या के बावजूद टीएमसी के कई सदस्यों की ओर पूरा देश आशा भरी निगाहों से देखा करता था। ममता के खुद का विधानसभा चुनाव हारने के बाद यहां तक कहा जाने लगा था कि सायोनी घोष पार्टी की भावी नेता हैं। उनसे उम्मीद थी कि ममता की तरह न केवल उनकी आक्रामकता बरकरार रहेगी बल्कि वे टीएमसी की धार को और चमकाएंगी।

मजेदार यह है कि जिस धर्मनिरपेक्ष चरित्र व विश्वासों के चलते ममता ने तीन मुस्लिमों को सांसद बनाया था, वे भी एनसीपीआई का दामन थाम चुके हैं। इन सभी लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष ओम बिरला से दिल्ली जाकर न केवल खुद को टीएमसी से अलग होने की घोषणा की, वरन सदन में अलग बैठने की भी मांग की है। कहना न होगा कि ऐसे मामलों में बिरला वही फैसला करते हैं जो भाजपा के अनुकूल होते हैं। एक-दो दिनों में शायद इसकी विधिवत घोषणा भी हो जाये- मोदी-शाह की मंशा व निर्देशों के अनुकूल।

टीएमसी के थोड़े-बहुत बचे हुए लोगों को डराने के लिये प.बंगाल की नयी भाजपा सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। चुनावी नतीजों की रात को टीएमसी, कांग्रेस व साम्यवादी दलों के दफ्तरों को जलाया गया, सांसदों के घरों में जांच एजेंसियों की छापेमारी जारी है, फाल्टा से हारने वाले जहांगीर खान को पुलिस उनके क्षेत्र में सरेआम परेड करा रही है तो ये बचे-खुचों को एनसीपीआई में शामिल होने का संदेश है।

भाजपा जो करेगी वह करेगी ही, इंडिया गठबन्धन से न जुड़ने अथवा मिल-जुलकर चुनाव न लड़ने का भारी खामियाजा टीएमसी को भुगतना पड़ा है। यह संदेश सभी विपक्षी दलों के लिये है।

# जिबह किया जाता जनतंत्र!

अपनी बंगाल फतेह को विधानसभा से आगे ले जाने और वास्तव में सीधे लोकसभा फतेह तक पहुंचाने में, मोदीशाही को जरा भी देर नहीं लगी है। 4 मई को विधानसभा चुनाव में बंगाल में उसकी जीत का ऐलान हुआ और इसके मुश्किल से एक महीना दस दिन बाद, 14 जून को काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा ग्रुप के बागी सदस्यों ने, स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात की और बागी गुट के उन्नीस-बीस सांसदों के हस्ताक्षरों के साथ एक ज्ञापन देकर, लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस ग्रुप से अलग बैठाए जाने की मांग की।

पर तृणमूल कांग्रेस के ममता वफादार गुट द्वारा इससे पहले ही स्पीकर से मुलाकात कर, उन्हें याद दिलाया जा चुका था कि दल-बदलविरोधी कानून के अनुसार और खासतौर पर शिव सेना के विभाजन के प्रकरण में 2022 में सुप्रीम कोर्ट के सीमित निर्णय के अनुसार, तृणमूल के बागी गुट को लोकसभा में एक अलग गुट के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती है। कानून के जानकारों के अनुसार, किसी राजनीतिक पार्टी के विधायी दल के दो-तिहाई सदस्यों के अलग होने की सूरत में भी, उन्हें दलबदल-विरोधी कानून के अंतर्गत अयोग्यता से तभी सुरक्षा मिल सकती है, जब मूल पार्टी का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय हो रहा हो या उनके विलय से कोई नयी पार्टी बन रही हो। शिव सेना प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया था कि यहां विलय से आशय राजनीतिक पार्टी के विलय से है, न कि विधायी ग्रुप के दो-तिहाई या उससे अधिक के विलय से।

बहरहाल, दल-बदल विरोधी कानून के प्रावधान, बागी तृणमूल सांसदों के कदमों को और सच पूछें तो उनके पीछे आधे प्रकट तथा आधे परोक्ष रूप से काम कर रहे संघी-भाजपायी 'चाणक्यों' के कदमों को नहीं रोक सकते थे, नहीं रोक पाये। बेशक, यह कोई संयोग ही नहीं था कि स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात की बागी गुट की कार्यनीति, इस मुलाकात से ठीक पहले हुई केंद्र सरकार के मंत्री, भूपेंद्र यादव के घर पर बैठक में तैयार की गयी थी। बिड़ला से मुलाकात के बाद, बागी गुट के प्रवक्ताओं ने दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। पहली, जो कि इस गुट के खड़े किए जाने तथा उसके लिए दो-तिहाई का आंकड़ा जुटाए जाने की कसरत शुरू होने के बाद से ही स्पष्ट थी—यह गुट नरेंद्र मोदी सरकार के हाथ मजबूत करेगा और इस तरह कथित रूप से अपने चुनाव क्षेत्रों के विकास का रास्ता बनाने के लिए करेगा।

दूसरी घोषणा थी, बागी गुट के एनसीपीआई में विलय के निर्णय की। जाहिर है कि इस गुट द्वारा इस फैसले की जानकारी, लोकसभा स्पीकर को भी दी गयी थी। समझना मुश्किल नहीं था कि इस पैंतरे का मकसद, कम से कम कागजी तौर पर दलबदल-विरोधी कानून की, टूटने वाले गुट के किसी अन्य पार्टी में विलय की शर्त पूरी करना है। काफी खोज-बीन करने पर पता चला कि नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) तीन-चार साल पहले त्रिपुरा में बनायी गयी, एक गैर-मान्यताप्राप्त किंतु रजिस्टर्ड पार्टी है, जिसका पिछले विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा में तीन सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर 800 वोट हासिल करने से ज्यादा कोई विधायी अस्तित्व नहीं था। अचानक यह अनाम पार्टी 20 लोकसभा सदस्यों के साथ, चौथी सबसे बड़ी पार्टी बनने जा रही है!

यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कथित विलय ऐसी अनाम पार्टी में ही क्यों, खुद भाजपा में क्यों नहीं? बेशक, एक किस्त में इतनी बड़ी संख्या में तो नहीं, फिर भी विपक्षी पार्टियों के सांसदों को भाजपा में मिलाने का खेल, मोदी निजाम के लिए कोई नया नहीं है।



राजेंद्र शर्मा

> **महिला आरक्षण को लागू करने की आड़ में, परिसीमन लागू करने के इस खेल को, संसद के पिछले सत्र में एकजुट विपक्ष ने शिकस्त दे दी थी। लेकिन, उसके बाद से विपक्ष की न उतनी ताकत रह गयी है और न विपक्ष उतना एकजुट नजर आता है। वास्तव में तृणमूल की टूट और द्रमुक के इंडिया ब्लाक से अलग होने ने ही, संघ-भाजपा में इसकी उम्मीदें जगायी लगती हैं।**

विधानसभा चुनावों के हालिया चक्र से जरा सा पहले ही, आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों को, इसी तरह बागी बनवा कर भाजपा में शामिल किया गया था। सात की ही संख्या इसलिए कि राज्यसभा में आप पार्टी के कुल 10 सदस्य थे और 7 सदस्यों से दो-तिहाई की शर्त पूरी हो जाती है। इससे पहले, 2019 के विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में तेलुगू देशम की हार के बाद, उसके चार राज्यसभा सदस्यों का भी इसी तरह से भाजपा में विलय कराया गया था। तब बागी तृणमूल सांसदों का सीधे भाजपा में ही विलय क्यों नहीं, जबकि इतना तो साफ ही है कि इस गुट को, भाजपा के पुछल्ले के रूप में काम करने के लिए ही तोड़ा गया है।

इसके तीन कारण हो सकते हैं, जो सभी एक साथ भी मौजूद हो सकते हैं। पहला यह कि चुनाव आयोग की भांति-भांति की मदद के अलावा, जिस तृणमूल के भ्रष्टाचार से लेकर हिंसा तक के आख्यानों के सहारे, संघ-भाजपा ने चुनावी फतेह हासिल की है, उसके सांसदों और खासतौर पर लोकसभा सदस्यों को थोक के भाव भाजपा में लाकर पचा पाना, संघ-भाजपा के जबर्दस्त हाजमे के लिए भी मुश्किल हो सकता है। हरेक तृणमूल लोकसभा सदस्य, जिस भाजपा उम्मीदवार को हराकर लोकसभा पहुंचा है, उसके साथ एक ही पार्टी में आसानी से तो एडजस्ट नहीं ही हो सकता है। इससे कहीं बेहतर विकल्प यह होगा कि सुरक्षित दूरी रखकर, संघ-भाजपा बाद में छांट-छांटकर अपने लिए विशेष उपयोगी नेताओं को अपने साथ मिला ले और बाकी को कूड़ेदान में जाने दे। दूसरे, संसद में संख्याबल बढ़ाने के अलावा तृणमूल के लोकसभा सदस्यों का जनसमर्थन का दायरा बढ़ाने में अगर कोई उपयोग हो, तो शायद ज्यादा उपयोग उनके भाजपा से सुरक्षित दूरी बनाए रखने में ही हो। और तीसरा यह कि भाजपा को बखूबी पता है कि इस तरह का विलय, राजनीतिक ही नहीं कानूनी तौर पर भी विवादास्पद होगा और उसे अदालतों में चुनौती दिया जाना तय है। ऐसे में वह अपने हाथ मैले क्यों करती, जबकि अपने पाले में करीब बीस सांसद बढ़ाने के सारे लाभ उसे, तृणमूली बागियों के एनसीपीआई सदस्य कहलाने पर भी मिल ही रहे होंगे।

बेशक, तृणमूली बागी सांसद चाहे ओम बिड़ला के फैसले के बाद, अलग गुट के तौर पर मान्यता प्राप्त कर लें या एनसीपीआई के लोकसभा ग्रुप की मान्यता प्राप्त कर लें, ऐसा कोई भी फैसला विवादास्पद होगा और ज्यादा संभावना है कि उसे अदालत में चुनौती भी दी जाए। लेकिन, महाराष्ट्र में पहले शिव सेना तथा उसके बाद एनसीपी के विभाजन के प्रकरण और अभी हाल में आप पार्टी राज्यसभा सदस्यों के भाजपा के विलय को दी गयी चुनौतियों के अनुभव से यह साफ है कि व्यावहारिक रूप से, स्पीकर के फैसले से बनने वाली स्थिति, जल्दी से बदलने वाली नहीं है। मोदीशाही के जरिए जो संघ-भाजपा तंत्र साम-दाम-दंड-भेद के अपने हथियारों से, अपने विरोध में खड़ी पार्टियों का और खासतौर पर उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों का इस तरह का विभाजन सुनिश्चित करता है, वही संघ-भाजपा तंत्र पहले ही यह भी सुनिश्चित कर चुका होता है कि उसके लिए फायदे के इस तरह के घटनाक्रम में कोई अन्य संस्था बाधा नहीं डाले। उसे पलटा तो हर्गिज नहीं जाए। जाहिर है कि बारह वर्ष के अनुभव ने उसके इस भरोसे को पुख्ता ही किया है कि जनतंत्र की कोई भी संस्था, उनके मंसूबों के आड़े आने लायक नहीं रही है।

जाहिर है कि विधानसभा चुनाव के हालिया चक्र के नतीजों से और खासतौर पर बंगाल फतेह करने के बाद से, मोदीशाही के हौसले सातवें आसमान पर हैं। इसीलिए, तृणमूल लोकसभा सांसदों के मामले को, मोदीशाही की अपनी बंगाल की फतेह का संसद का विस्तार करने की मुहिम तक ही सीमित कर के नहीं देखा जाना चाहिए। महाराष्ट्र की राजनीति के जानकारों के अनुसार, तृणमूल सांसदों की बगावत संगठित करने के दौरान ही, संघ-भाजपा के खिलाड़ी महाराष्ट्र में भी विभाजन के पिछले चक्र के जरिए पहले ही बहुत कमजोर किए जा चुके विपक्ष में, विभाजन के एक और चक्र की तैयारियों में जुटे हुए थे। उद्धव ठाकरे की शिव सेना खासतौर पर उनके निशाने पर थी, जिसके अब सिर्फ 9 लोकसभा सदस्य बचे हैं। यह दूसरी बात है कि सारी कोशिशों के बावजूद, संघ-भाजपा के हथियार के तौर पर शिंदे के लिए, छ: (यानी दो-तिहाई) बागी जुटाना संभव नहीं हुआ, जो कि दलबदल कानून के चाबुक से बचने के लिए जरूरी संख्या थी।

इसे देखते हुए, हैरानी की बात नहीं होगी कि कई राजनीतिक टीकाकारों का यह अनुमान सच निकले कि मोदीशाही, संसद के मानसून सत्र में दोबारा, महिला आरक्षण सह परिसीमन विधेयक का पैकेज देश के सिर पर थोपने की कोशिश कर सकती है। संसद में अपना संख्या बल बढ़ाने के इस जुनून के पीछे ऐसा ही कोई गहरा मकसद नजर आता है। यह किसी से छुपा नहीं है कि महिला आरक्षण की आड़ लेकर, परिसीमन को आगे बढ़ाने में ही मोदीशाही की असली दिलचस्पी है। और यह इसलिए है कि उसने समझ लिया है कि जनसंख्या अनुपात पर आधारित परिसीमन के जरिए, उत्तरी तथा पश्चिमी भारत के अपने गढ़ों का तुलनीय राजनीतिक वजन और बढ़ाने के जरिए ही, वह 2029 के चुनाव में अपनी जीत पक्की कर सकती है। 2024 के चुनाव नतीजों ने उसके आत्मविश्वास को हिला दिया है। इसीलिए, उसे सब कुछ चाहिए। उसे अपनी जेब में चुनाव आयोग भी चाहिए। उसे अपने अनुकूल मतदाता सूची भी चाहिए, जिसमें से उसकी नजरों में 'गैर-भरोसेमंद' मतदाताओं को छांटा जा चुका हो। उसे मतगणना तक मनमानी चाहिए। और इस सब के ऊपर से, ऐसा परिसीमन भी चाहिए, जिसमें 'असहयोगी' दक्षिण को छोटा किया जाए और चुनाव क्षेत्रों की सीमाएं इस तरह इलाके छांट-छांटकर बनायी जाएं, जिससे विरोधियों का दायरा छोटे से छोटा हो जाए और उसका दायरा बड़े से बड़ा। परिसीमन का यह संघी मॉडल देश, असम और जम्मू-कश्मीर में देख भी चुका है।

बेशक, महिला आरक्षण को लागू करने की आड़ में, परिसीमन लागू करने के इस खेल को, संसद के पिछले सत्र में एकजुट विपक्ष ने शिकस्त दे दी थी। लेकिन, उसके बाद से विपक्ष की न उतनी ताकत रह गयी है और न विपक्ष उतना एकजुट नजर आता है। वास्तव में तृणमूल की टूट और द्रमुक के इंडिया ब्लाक से अलग होने ने ही, संघ-भाजपा में इसकी उम्मीदें जगायी लगती हैं कि वे एक बार फिर परिसीमन का रास्ता खोल सकते हैं और अगला आम चुनाव अपनी झोली में डाल सकते हैं। लेकिन, ठाकरे की शिव सेना की मुस्तैदी ने और द्रमुक के संघवाद के सिद्धांतों पर समझौता नहीं करने के ऐलान ने, संघ-भाजपा के इस संभावित खेल को विफल करने की शुरूआत भी तो कर दी है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका और विपक्ष की चुनौतियां

■ **राजेश पांडेय**

भारत में केंद्र और राज्य की सरकारें वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनी जाती हैं। शहर से लेकर गांवों तक लोग अपने प्रतिनिधि का चुनाव वोट से करते हैं। सभी चुनावों में स्थानीय स्तर पर हेराफेरी की घटनाएं होती हैं। मतदान केंद्रों पर कब्जा, फर्जी वोटिंग, मतगणना में गड़बड़ी जैसे मामले सामने आते हैं। फिर भी, राष्ट्रीय स्तर पर चुनावों की शुद्धता और पवित्रता संदेह से परे रहती थी। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। पहले वोटर सरकार चुनते थे, अब सत्ताधारी पार्टी तय कर रही है कि वोटर कौन रहेगा और कौन नहीं। कम से कम मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से तो यही तस्वीर उभरती है। धांधली के आरोपों, विसंगतियों और खामियों की कहीं सुनवाई नहीं है। संवैधानिक संस्थाओं से इंसाफ की उम्मीद खत्म होती जा रही है।

स्वस्थ और सच्चे लोकतंत्र की पहली शर्त स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हैं। अब इसकी गारंटी नहीं रही। चुनावों में गड़बड़ी के आरोपों की सूची दिन-ब-दिन लंबी हो रही है। हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने पर गर्व करते हैं लेकिन हकीकत एकदम अलग है। स्वयंसेवी संगठनों- एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और महाराष्ट्र स्थित वोट फॉर डेमोक्रेसी ने 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में कई विसंगतियों का जिक्र किया है। दोनों चुनावों में कुल मतदान और गिने गए वोटों की संख्या में अंतर पाया गया है। वोटिंग के आंकड़े काफी विलंब से जारी हो रहे हैं। वोटिंग के आखिरी घंटों में वोटरों की संख्या में भारी बढ़ोतरी चिंताजनक और अविश्वसनीय है। एडीआर ने चुनाव आयोग को कई मौकों पर पत्र लिखकर सभी पहलुओं की ओर उसका ध्यान आकर्षित कराया है। लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिले हैं।

> **देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए विपक्ष को अपना हर मोर्चा दुरुस्त करना होगा। उसे हर राज्य में कड़ी चुनौती पेश करने के हालात बनाना चाहिए। जब संवैधानिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने लगती हैं तो उसे रास्ते पर लाने में विपक्ष दलों की एकजुटता भी अच्छा प्रभाव पैदा कर सकती है। संवैधानिक संस्थाएं सत्ता और उसके अन्य अंगों की असंवैधानिक और गैरकानूनी कार्रवाईयों को रोकने का सबसे प्रभावी औजार हैं।**

चुनाव आयोग की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं है। इसका असर हर जगह दिखाई पड़ रहा है। आम चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी संदेह के दायरे में हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा और पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव में इसके सबूत मिले हैं। अपेक्षाकृत महत्वहीन चुनाव तक धांधली की चपेट में आ रहे हैं। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में निर्वाचन अधिकारी गड़बड़ी करते रंगे हाथों पकड़े जा चुके हैं। मध्यप्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र खारिज करने की ताजा घटना इसकी अगली कड़ी है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

देश की सर्वोच्च अदालत से अनियमितताओं को रोकने की उम्मीद की जाती है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को अहम मामलों में क्लीन चिट दे दी है। खासतौर से एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 27 मई को आए कोर्ट के फैसले में वोटरों के अधिकारों की रक्षा की फिक्र दिखाई नहीं देती है। कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। अदालत ने यह जरूर माना है कि आयोग नागरिकता तय नहीं कर सकता है। यह केंद्र सरकार का काम है। फिर भी, एसआईआर की जटिलता और खामियों पर उसने गौर नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा चुनावों से पहले कुछ राज्यों में हड़बड़ी में कराई गई प्रक्रिया के बारे में कुछ नहीं कहा है। आयोग को किसी बिंदु पर जवाबदेह नहीं ठहराया है।

अब तक मतदाता सूची में वोटरों का नाम दर्ज करने और हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी और आसान रही है। हर साल वोटर लिस्ट का संक्षिप्त संशोधन (समरी रिवीजन) होता है। चुनाव आयोग 18 साल से अधिक आयु के नए वोटरों को शामिल करने के लिए अभियान चलाता है। लेकिन लगता है कि एसआईआर के जरिये नाम शामिल करने के बदले हटाने की मुहिम चलाई गई है। लगातार खबरें आ रही हैं कि सबसे अधिक नाम अल्पसंख्यकों, दलितों के हटाए गए हैं। दरअसल, भारत में ऐसे लोगों की संख्या बहुत बड़ी है जिनके पास कई जरूरी दस्तावेज नहीं हैं। इनमें अधिकतर लोग कमजोर और गरीब हैं। भला सोचिए दूरदराज के कस्बों, गांवों में बैठे लोगों के लिए दस्तावेज जुटाना कितना कठिन है। गनीमत है कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड को शामिल कराया है। अनुमान है, 2026 के शुरुआती महीनों में 134 करोड़ लोग आधार का उपयोग कर रहे थे।

चुनाव आयोग का काम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना है। उसे सुनिश्चित करना है कि कोई पात्र वोटर मताधिकार के इस्तेमाल से वंचित न रह जाए। लेकिन यहां उल्टा हो रहा है। एसआईआर के तहत करोड़ों वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करने का अभियान चल रहा है। कुछ विशेषज्ञों के अनुमानों में यह संख्या लगभग साढ़े छह करोड़ बताई गई है। पश्चिम बंगाल में अप्रैल, मई में हुए विधानसभा चुनाव में तार्किक विसंगति जैसे नए मापदंड के तहत 27 लाख वोटरों का मताधिकार छीन लिया गया। तमिलनाडु में 97 लाख लोग बाहर हुए हैं। बिहार में 25 लाख वोटरों को जगह नहीं मिली है। सबसे अधिक लोकसभा सीटों के राज्य उत्तरप्रदेश में एक करोड़ से अधिक वोटर अधर में हैं। जाहिर है, ये हालात लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं हैं।

संवैधानिक संस्थाओं की चुप्पी के कारण चुनावों में मुकाबला बराबरी का नहीं रह गया है। दौड़ शुरू होने से पहले ही सत्ताधारी दल निर्णायक बढ़त की स्थिति में रहने लगा है। ऐसी स्थिति में विपक्षी दलों के सामने कठिन चुनौतियां हैं। उसके अपने विरोधाभास और मतभेद अलग हैं। कई राज्यों में उनके हित आपस में टकराते हैं। 2023 में बने इंडिया गठबंधन के सदस्य कई मौकों पर अलग दिशाओं में चलते हैं। लेकिन उसने इस वक्त एसआईआर के खिलाफ एकजुटता दिखाई है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 8 जून को हुई उसकी बैठक में आम राय से एसआईआर को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का इरादा जताया गया है। विपक्ष का कहना है कि एसआईआर का उपयोग चुनाव नतीजों को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। बैठक में चिंता व्यक्त की गई कि एसआईआर से मतदाता सूचियों में गड़बड़ी करके बड़े पैमाने पर लोगों को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। इसने चुनावों की निष्पक्षता और पवित्रता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

एसआईआर के बारे में विपक्ष के सवाल जायज हैं। इसके बावजूद एसआईआर को नए सिरे से कानूनी चुनौती देने के नतीजों पर फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है। कानूनी रास्ते तो ठीक हैं पर विपक्ष के लिए मैदानी मोर्चे को संभालना ज्यादा जरूरी है। 8 जून की बैठक में गठबंधन के मतभेद भी सामने आए हैं। सहयोगी दलों ने कहा कि तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की रणनीति ने गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को नुकसान पहुंचाया है। निश्चित तौर पर कांग्रेस को अपनी रणनीति पर नए सिरे से गौर करना होगा। तमिलनाडु में वह द्रमुक को छोड़कर एक्टर विजय की पार्टी के साथ सरकार में शामिल हो चुकी है। कांग्रेस के रणनीतिकार इसे भविष्य की नीति मानते हैं। उनकी सोच है कि तमिलनाडु की राजनीति द्रविड़ पार्टियों के प्रभाव क्षेत्र से निकलकर दूसरी दिशा में बढ़ रही है। बंगाल में तृणमूल के साथ उसके मेलजोल की हलचल तेज है। केरल में तो यूडीएफ गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस का वामपंथियों (एलडीएफ) से हितों के टकराव का सीधा मामला है। वहां यूडीएफ और एलडीएफ के बीच हर पांच साल में सत्ता बदलती रही है। केवल 2021 में एलडीएफ ने विजयन के नेतृत्व में पहली बार दोबारा बहुमत हासिल किया था। सीपीएम की आपत्ति कांग्रेस नेताओं खासकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी द्वारा विजयन पर व्यक्तिगत प्रहार से संबंधित है। वहां कांग्रेस और वामपंथियों के रास्ते अलग हैं लेकिन चुनाव अभियान में बार-बार निजी हमलों से तो बचा ही जा सकता है। बंगाल में कांग्रेस चुनाव से पहले ही तृणमूल के साथ मिलकर चल सकती थी। इससे एसआईआर के जरिये हुई कथित धांधली से निपटने में कुछ हद तक मदद मिल सकती थी। बंगाल में अब तक कांग्रेस की रणनीति को अधीर रंजन चौधरी जैसे नेता प्रभावित करते रहे हैं। वे तृणमूल की शीर्ष नेता ममता बनर्जी के कट्टर आलोचक हैं। कांग्रेस ऐसे नेताओं से अलग हटकर नई वास्तविकताओं के हिसाब से अपनी रणनीति तय कर सकती है।

अपने ऐतिहासिक अतीत, लंबे समय तक देश पर शासन करने, मौजूदा लोकसभा में 100 सीटों और चार राज्यों में सरकार होने के कारण इंडिया गठबंधन को आगे बढ़ाने में कांग्रेस की भूमिका बहुत अहम है। इसलिए उसे अपने सहयोगियों की महत्वाकांक्षाओं, जरूरतों और मैदान की स्थिति को देखकर कदम उठाना होंगे। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में इस समय समाजवादी पार्टी के हाथ में विपक्ष की कमान है। लिहाजा, कांग्रेस के लिए सपा के पीछे चलना व्यावहारिक राजनीति होगी। विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों को सीटों के बंटवारे में वास्तविक स्थिति का ध्यान रखना पड़ेगा। वे अपने नफा-नुकसान को परखें लेकिन यह ध्यान रखें कि महत्वाकांक्षा, टकराव और जिद से चुनौती कमजोर न पड़ जाए।

देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए विपक्ष को अपना हर मोर्चा दुरुस्त करना होगा। उसे हर राज्य में कड़ी चुनौती पेश करने के हालात बनाना चाहिए। जब संवैधानिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने लगती हैं तो उसे रास्ते पर लाने में विपक्ष दलों की एकजुटता भी अच्छा प्रभाव पैदा कर सकती है। संवैधानिक संस्थाएं सत्ता और उसके अन्य अंगों की असंवैधानिक और गैरकानूनी कार्रवाईयों को रोकने का सबसे प्रभावी औजार हैं। अगर वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह नहीं करेंगी तो सत्ता निरंकुश हो जाएगी और लोकतंत्र कमजोर पड़ जाएगा। निश्चय ही यह स्थिति गंभीर और निराशाजनक है। इसलिए विपक्ष की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है। वह अपनी मैदानी सक्रियता से जनता के एक बहुत बड़े वर्ग को उसके अधिकार हासिल करने में मदद कर सकता है। भारत में मताधिकार हर व्यक्ति को सबके बराबर खड़े होने का अधिकार देता है। हमारे यहां वंचित वर्गों की सबसे बड़ी संपदा और ताकत उसका वोट है। उसके इस अधिकार की रक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### तीसरा मोर्चा बनाम वामदल

*'1952 में पहले आम चुनाव के बाद भारत की कम्युनिस्ट पार्टी प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभरी थी। सवाल उठता है कि जो पार्टी या जो विचारधारा 1952 में कांग्रेस के विकल्प के रूप में मौजूद थी वह उस जगह से अपदस्थ कैसे हुई और उग्रराष्ट्रवादी हिन्दुत्ववादी शक्तियों ने वामपंथी ताकतों को धीरे-धीरे कर भारतीय राजनीति के हाशिए पर क्यों कर धकेल दिया। यह एक प्रकट वास्तविकता है और इसका सामना करने का साहस वामदलों में होना चाहिए। मेरा मानना है कि आम चुनाव के समय क्षेत्रीय दलों से अल्पकालीन गठजोड़ करने से वामपंथी ताकतें मजबूत नहीं बल्कि और कमजोर ही होंगी। मेरा यह भी मानना है कि आज के वैश्विक परिदृश्य को समझने की क्षमता भारत में या तो कांग्रेस में है या फिर वामपंथियों में; और अपनी तार्किक क्षमताओं का मैदानी कार्रवाई में रूपांतरण करने से ही वाममोर्चा 1952 में या उससे बेहतर स्थिति में पहुंच सकता है।'*

**(देशबन्धु में 16 मई 2013 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/06/blog-post_22.html**

## पावन प्रसंग

### मन:स्थिति बदले तो परिस्थिति बदले

जिसने परिस्थितियों से समझौता कर लिया,वह हार गया। परिस्थितियों के विरुद्ध जो लड़ सका, मन:स्थिति उच्च बनाकर, जीवन समर में लड़ सका वही विजेता हुआ। यदि हमारे भीतर अपने जीवन के उद्देश्य को सफल, सार्थक करने की तीव्र अभीप्सा हो तो परिस्थितियां हमारे जीवन की परिभाषा नहीं बन सकती हैं। बात यहां पर मन:स्थिति की है। उत्कृष्ट मन क्या नहीं कर सकता है? आवश्यकता है उसकी शक्ति को पहचानने की तथा उससे उभयपक्षीय निर्माण प्रस्तुत करने की। जब हम परिस्थितियों पर अत्यधिक जोर देते हैं, स्वयं को निर्बल एवं असहाय घोषित कर देते हैं, स्वयं की क्षमताओं से परिचित नहीं होते, तभी इस प्रकार की विसंगति खड़ी होती है कि हमारा अंत:करण हमारा साथ देना बंद कर देता है। मन की ऊर्जा का भरपूर लाभ लेना है तो मन को बहुत महत्व देना छोड़ दीजिए, उसे ऐसा बनाइए ताकि उससे उच्चतर प्रयोजनों में सहायता मिल सके। हमारा मन तभी अपना है, जब उसने किसी उच्च प्रेरणा हेतु अपना समर्पण करना सीख लिया हो।

मन की शक्ति को समझना ही वास्तविक अध्यात्म है एवं इस हेतु हमें अपनी आसक्ति को मिटाना चाहिए। जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों को करने के लिए मन का निरासक्त होना आवश्यक है। हम अपने मन पर नियंत्रण प्राप्त करें, इससे शुभ कुछ हो नहीं सकता। जब मन पर हमारा आधिपत्य होता है तो यह संभव है कि हम विपरीत परिस्थितियों के मध्य भी उत्कृष्ट मनोदशा का परिचय दें एवं जीवन को धन्य एवं महान बनाएं। मन की गुलामी से मुक्थि ही साधना का मूल केंद्र है। उसे जिसने समझ लिया, वह फिर परिस्थितियों का ऐसा रोना नहीं रोता है। उसका असीम उत्साह एवं दृढ़ लगन स्वत: आदर्श सत्परिणाम उपस्थित करने की दिशा में बढ़ चलते हैं एवं उसे परिस्थितिवश विवश नहीं होना पड़ता है।

जीवन का यह महत्वपूर्ण सिद्धांत सब को याद कर लेना चाहिए कि बिना मन:स्थिति में परिवर्तन किए, बिना स्वयं को सुधारे आप जीवन का महत्वपूर्ण लाभ नहीं उठा सकते हैं। अफने का मालिक होने में ही भलाई है,शेष तो आत्मप्रवंचना भर है। इसलिए पहला कार्य है, अपने मन पर संपूर्ण एवं एक पक्षीय नियंत्रण स्थापित करना, उसे एक दैवी वाहन के रूप में प्रयुक्त करना तथा उससे महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त करना।

जब मन इस स्तर का बन जाता है, तो ही उससे अनेकानेक अनुदान एवं वरदान प्रस्तुत करना संभव होता है। मन को पूर्णरूपेण समझना ही अध्यात्म है। आज हर जगह परेशानी है, विषय विकार है तथा जीवन की कठिनाई दिनोंदिन बढ़ती चली जा रही है, वह इसीलिए क्योंकि हमने मन की शक्ति को पहचानने एवं उसका सदुपयोग करनी की ठानी नहीं है। मन हमारा बेकारी में पड़ा रहता है, उसे यह बोध नहीं कि वह किस महान तत्व के अनुशीलन से अनभिज्ञ है। सत्य यही है कि जो मन को जीत ले वही भाग्यवान, जो मन से हार जाए वही अपाहिज। वास्तविक वस्तु चेतना है एवं मन उसीसे हेरफेर किया करताहै, उसकेकारणह ी मन प्रयासचला करतेहैं. मनुष्यक ो जीवंत स्वरूपयदिदेखना हो, उसेपहचानने की सामर्थ्य विकसित करनी हो तो इतना करना चाहिए कि मन के मूल में छिपी आसक्ति को पहचाना जाए और उससे दैवी विधान अनुरूप कार्य लेने की क्षमता विकसित की जाए।

**-अखंड ज्योति**




# काई हावर्ज के दो गोल से जर्मनी का पहली बार शिरकत रहे कुरासाओ पर बड़ी जीत से आगाज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 15 जून (देशबन्धु)। काई हावर्ज के दो तथा फेलिक्स नेमचा, निको श्लोटरबैक, जमाल मुसाइला, नथाइनल ब्राउन और डेनिज अंदव के एक एक गोल से चार बार की चैंपियन जर्मनी ने गोल की बारिश करते हुए पहली बार शिरकत कर रही कुरासाओ को फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में ग्रुप ई के मैच में ह्यूस्टन स्टेडियम में सोमवार को 7-1 की बड़ी जीत के साथ आगाज किया। जर्मनी के स्ट्राइकर काई हावर्ज दोनों हाफ के ठीक पहले एक एक एक गोल कर मैन ऑफ द' मैच रहे। चीफ कोच जूलियन नगेलसमन अपने मार्गदर्शन में जर्मनी के बड़ी जीत से आगाज करने पर बेशक बहुत खुश होंगे।

फ्लोरियन विर्ज के साथ बेहतरीन तालमेल से आगे बढ़ उनसे मिली गेंद को बॉक्स के भीतर पहुंच कर फेलिक्स नेमचा ने मैच के छठे मिनट में ही गोल दाग कर जर्मनी का खाता खोला। लिवानो कोमांशिया ने 21वें मिली जर्मनी की रक्षापंक्ति की चूक का लाभ उठा कर बहुत ही नफासत से गेंद को गोल में डाल कर कुरासाओ को एक एक की बराबरी दिला दी। निको श्लोटरबैक ने कॉर्नर किक पर सिर से 38वें मिनट में गोल कर जर्मनी को 2-1 से आगे कर दिया। काई हावर्ज ने पहला हाफ खत्म होने से ठीक पहले हाफ इंजुरी टाइम खत्म होने से ठीक पहले मिली पेनल्टी किक पर गोल कर जर्मनी को हाफ टाइम तक 3-1 से आगे कर दिया था। कुरासाओ के रिचले बाजोइर ने बॉक्स के अंदर नेमचा को पहले हाफ में इंजुरी टाइम से ठीक पहले गिराने पर जर्मनी को पेनल्टी किक मिली थी। जमाल मुसाइला ने जोशुआ किमिच के कुराकाओ की रक्षापंक्ति को छका दिए बेहतरीन पास पर दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में गोल कर जर्मनी को 4-1 से आगे कर पूरी तरह उसकी मैच पर पकड़ बना दी। अपने करियर का पहला विश्व कप मैच खेल रहे नथाइनल ब्राउन ने मैच के 68 वें मिनट में गजब की वॉली लगा गोल कर जर्मनी को 5-1 से आगे कर दिया। डेनिज अंदव ने दस मिनट बाद गोल कर जर्मनी को 6-1 से आगे कर दिया। काई हावर्ज ने खेल खत्म होने से दो मिनट पहले मैच का अपना दूसरा गोल कर जर्मनी को 7-1 के अंतर से मैच जिता दिया।



### जीत से आगाज करने से मैं खुश : जूलियन नगेलसमन

जर्मनी के कोच जूलियन नगेलसमन ने अपनी टीम की बड़ी जीत पर कहा, ' हमारे बढ़त लेने के बाद कुरासाओ के मैच में बराबरी पाने के बाद हमें मैच में वापसी में कुछ ही मिनट लगे। हमने देखा की कुरासाओ भी फुटबॉल खेल सकता है। मैं यह देखने को बेताब हूं कि आगे चल उनका प्रदर्शन कैसा रहता है। मैं अपनी जर्मनी की टीम के सात गोल करने और मैच में उसके प्रदर्शन से खुश हूं। जीत से आगाज करना अहम होता है हमें खुशी है कि हम ऐसा करने में कामयाब रहे।

### मेरे लिए अपना यह पांचवां विश्व कप खास है :नूएर

40 बरस 79 दिन की उम्र में विश्व कप में खेलने उतर गोलरक्षक मैनुअल नूएर जर्मनी के लिए लोथार मैथायस के रिकॉर्ड के तोड़ उसके लिए किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने उतरने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बन गए। अपनी टीम की बड़ी जीत के बार नूएर ने कहा,'फुटबॉल खेलने का अपना ही मजा है और बदलू खिलाड़ी मैच में उर्जा लाते हैं।आप हमारी टीम की एकता को देख सकते हैं। यह कोई ब्राजील की टीम विश्व कप में नहीं खेल रही थी यह कुरासाओ की पहली बार खेलने वाली टीम थी। हमारे लिए अच्छा रहा हमने कुरासाओ के खिलाफ इस विश्व कप में अपने पहले मैच में जीत से आगाज किया। मुझे 2010 में विश्व कप में जर्मनी के लिए खेला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच आज भी याद है।मैं आज भी विश्व कप में खेलने को लेकर उसी तरह रोमांचित हूं कि जैसे की यह विश्व कप में पहला मैच है। आप या तो फुटबॉल करते हैं या फिर नहीं। मेरा यह पांचवा विश्व कप है और इसलिए मेरे लिए यह खास है।'

## अमाद के आखिरी मिनट में दागे गोल से आइवरी कोस्ट ने इक्वेडोर को दी शिकस्त

बदलू स्ट्राइकर अमाद डियालो के आखिरी मिनट में दागे इकलौते गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने इक्वेडोर को फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में ग्रुप ई के मैच में सोमवार सुबह 1-0 से हरा कर पूरे तीन हासिल कर अपना अभियान शानदार ढंग से शुरू किया। एक समय मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा लेकिन अमाद डियालो ने 90 वें मिनट बॉक्स के ठीक उपर से गोल दाग कर आइवरी कोस्ट को फिलाडेल्फिया स्टेडियम में ऐसी यादगार जीत दिलाई की उसके प्रशंसक झूम उठे। भले ही पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ लेकिन यह खासा रोचक रहा। इक्वेडोर के जॉन यिबेह ने आइवरी कोस्ट के पेनल्टी बॉक्स के ठीक उपर से तेज शॉट जमाया लेकिन गेंद गोलस्तंभ की बल्ली को टकरा कर बाहर निकल गई। इक्वेडोर के पेड्रो वाइट के पास पर एलन मिंडा ने इसके तुरंत बाद लहराता शॉट लगाया और आइवरी कोस्ट के गोलरक्षक याहिया फाफना के परास्त होने के बसद एक बाद गेंद गोलस्तंभ की बल्ली को टकरा कर बाहर निकल गई। आइवरी कोस्ट के यान डायमंड ने दाएं छोर से तेज फर्राटे लगा गेंद को लेकर निकले लेकिन गोल करने से चूकते रहे बाजोमना टोरे के तेज नीचे ड्राइव पर इक्वेडोर के गोलरक हरनान गालिंडेज ने रोक कर उनका हमला बेकार कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमो को मौके लेकिन कोई भी इसे शुरू में भुनाने में नाकाम रही इक्वेडोर के इनर वेलेंशिया ने दूसरे हाफ के शुरू में मुश्किल कोण से शॉट जमाया जो लक्ष्य चूक गया। आइवरी कोस्ट के स्ट्राइकर आइल वाही के शॉट पर गेंद गोलस्तंभ की बल्ली को टकरा कर बाहर निकल गई।धीरे धीरे आइवरी कोस्ट ने मैच पर अपनी पकड़ बनाई और गेंद अपने कब्जे में रखी। मैच के अंतिम मिनट में अमाद ने अंतत: बेहतरीन गोल कर आइवरी कोस्ट को मैच जिता दिया।

## कमादा के आखिरी मिनटों में गोल से जापान ने नीदरलैंड से मैच ड्रॉ कराया



**नई दिल्ली,** 15 जून (देशबन्धु)। दाइजी कमादा के अंतिम पूर्व मिनट पर कॉर्नर पर दागे गोल से जापान ने मजबूत नीदरलैंड को फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में ग्रुप एफ का अपना मैच में दो दो गोल से ड्रॉ खेल अंक बांटने को मजबूर कर दिया। जापान के जीवट की तारीफ करनी होगी उसने मैच में दो बार पिछड़ने के बाद बराबरी हासिल कर मैच ड्रॉ कराया। नीदरलैंड के लिए वर्जिल वान दिक और क्राइसेंशियो समरविले ने और जापान के लिए कितो नाकामुरा और दाइजी कमादा ने एक एक गोल किया। नीदरलैंड और जापान के बीच मैच में दोनों टीमों ने पहले हाफ में एक दूसरे की ताकत को आंकने की ही कोशिश की और इस दौरान कोई गोल नहीं हुआ।

वर्जिल वान जिक ने डलास स्टेडियम में मैच के 50 वें मिनट में रेन ग्रावेबर्क के क्रॉस पर गोल कर नीदरलैंड का खाता खोला। कितो नाकामुरा ने सात मिनट बाद बेहतरीन गोल कर जापान को एक एक की बराबरी दिला। तेज तर्रार विंगर समरविले ने तिरछा लहराता शॉट लगा 64वें मिनट में गोल कर जब नीदरलैंड को फिर 2-1 से आगे कर दिया तो वह पहली जीत की ओर बढ़ता लगा। जापान ने हिम्मत नहीं हारी। खेल खत्म होने से मिनट भर पहले मिले कॉर्नर पर कमाडा ने बेहतरीन गोल कर जापान को दो दो की बराबरी दिला मैच में एक अंक भी दिला दिया। पहले हाफ में नीदरलैंड के डानयल मोलन अैर जापान के गोलरक्षक जियोज सुजुकी के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। जापान के गोलरक्षक सुजुकी ने पहले हाफ में नीदरलैड के काडी गकपो के दनदनाते शाट को रोक कर उन्हें गोल करे से रोका। जापान की टीम नीदरलैंड की मजबूत टीम के सामने दबाव में नहीं आई। जापान के लिए पहले हाफ में नाकामुरा और आयासी उईदा ने गोल करनश के अच्छे हमले बोले।

## भारत दिलप्रीत व सुखजीत के एक-एक गोल से बराबरी पाने के बाद नीदरलैंड से 2-3 से हारा

### मनप्रीत ने की दिलीप तिर्की के भारत के लिए 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की बराबरी



**नई दिल्ली,** 15 जून (देशबन्धु)। दो बार पिछड़ने के बाद स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह के एक एक गोल से दो दो की बराबरी करने के बाद भारत मेजबान नीदरलैंड से पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2025-2026 के पहले मैच में रविवार को आधी रात के बाद रॉटरडम में 2-3 से हार गया। विजेता नीदरलैंड के लिए माइल्स बुकेंस, कोइन बीन और ताइमन रेयांगा ने एक गोल किया। अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने नीदरलैंड के खिलाफ रविवार देर रात इस मैच में खेलने कर पूर्व ओलंपियन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की के भारत के लिए सबसे ज्यादा 412 अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। दिलीप तिर्की ने मनप्रीत सिंह को अपने रिकॉर्ड की बराबरी करने पर बधाई दी मेजबान नीदरलैंड ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और शुरू में मिले चार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक को भी गोल में नहीं बदल पाया। माइल्स बुकेंस ने मैच के तीसरे ही मिनट में रिवर्स हिट से भारत के गोलरक्षक को छका गोल कर नीदरलैंड का खाता खोला। शिलानंद लाकरा ने दसवें मिनट में डी के भीतर तेज शॉट जमा गोल कर भारत को बराबरी दिलाने की कोशिश की लेकिन बहुत करीब से उनका निशाना लक्ष्य चूक गया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के लंबे पास पर स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह ने मैच के दसवें मिनट में डी के ठीक उपर गेंद संभाली और नीदरलैंड के गोलरक्षक को छका गोल कर भारत को एक एक की बराबरी दिला दी।

नीदरलैंड ने दूसरे क्वॉर्टर में भी भारत के गोल पर बराबर हमले बोल कर दबदबा बनाए रखा लेकिन उसे शुरू में गोल करने में कामयाबी नहीं मिल। कोइन बीन ने दूसरे क्वार्टर के अधबीच डी के पहुंच तेज वॉली जमा गोल कर नीदरलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में मैच में वापसी करने की कोशि की और उसकी अग्रिम पंक्ति बढ़िया तालमेल से खेली। भारत ने तीसरे क्वॉर्टर के तीसरे मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और इस सुखजीत सिंह ने सेट पीस पर बढ़िया गोल कर भारत को दो दो की बराबरी दिला दी।

## यायीन अयारी के दो गोल से स्वीडन की टीम ट्यूनीशिया को हरा ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंची

**नई दिल्ली।** यासीन अयारी के दो और अलेक्जेंडर इसाक, विक्टर गयोकर्स, मैथायस स्वेनबर्ग के एक एक गोल की बदौलत स्वीडन ने ट्यूनीशिया पर फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 के ग्रुप एफ के एक अन्य मैच में सोमवार सुबह 5-1 से जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। कोच ग्राहम पोटर्स के मार्गदर्शन में स्वीडन इस बड़ी जीत के साथ जापान और नीदरलैंड को पीछे छोड़ कर ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंच गई। स्वीडन के लिए यासीन अयारी, जर्मनी के काई हावर्ज और अमेरिका के फ्लोरियन बोलोगन दो दो गोल कर मौजूदा संस्करण गोल्डन-बूट की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं।



दिलचस्प बात यह है कि स्वीडन के लिए दो गोल दागने वाले यासीन अयारी के पिता का जन्म टयूनीशिया में हुआ था। यासीन अयारी ने मैच के सातवें मिनट में बॉक्स के बाहर से दनदनाता शॉट जमा गोल कर मोंटरे स्टेडियम में सोमवार सुबह स्वीडन का खाता खोला। अलेक्जेंडर इसाक ने 30 वें मिनट में अपने साथी स्ट्राइकर विक्टर गयोकर्स के बढ़िया पास पर दनदनाते शॉट से गोल कर स्वीडन की बढ़त 2-0 कर दी। उस्ताद साबरी लमोची के मार्गदर्शन वाली टयूनीनिया के ओमर रेकिक ने हनीबल मेजबरी के बेहतरीन पास पर मैव के 43 वें मिनट में गेंद को संभाल कर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल कर स्कोर 1-2 कर दिया।

स्वीडन की टीम दूसरे हाफ में पूरी तरह छाई रही। गयोकर्स ने टयूनीशिया के गोल के बाहर मिली गेंद संभाल मैच के 59 वें मिनट में गोल कर स्वीडन को 3-1से आगे कर दिया। मैथायस सायनबर्ग ने खेल खत्म होने से छह मिनट पहले मौका ताड़ कर गोल कर स्वीडन को 4-1 से आगे कर दिया। अयारी ने खेल खत्म होने से पहले इंजुरी टाइम में अपना मैच का दूसरा और आखिरी गोल कर स्वीडन को 5-1 से मैच जिता कर ही दम लिया।

## सार संक्षेप

### दीप्ति शर्मा सर्वाधिक विकेट लेने वाली बनीं गेंदबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज धमाकेदार अंदाज में किया। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 64 रनों से हराया। टीम की इस जीत की नायक दीप्ति शर्मा रहीं, जिन्होंने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 10 रन देकर 5 विकेट निकाले। दीप्ति ने अपने इस स्पेल के साथ ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने पाकिस्तान की बल्लेबाज नाशरा संधू का विकेट लेने के साथ ही यह मुकाम हासिल किया। दीप्ति क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में अब तक खेले 145 मुकाबलों में 166 विकेट निकाल चुकी हैं। उन्होंने इस मामले में थाईलैंड की गेंदबाज थिपाचा पुत्थावोंग को पीछे छोड़ दिया है। थिपाचा ने टी20 इंटरनेशनल में खेले 105 मुकाबलों में 165 विकेट चटकाए हैं।

### गोल्फः वाराणसी में 16-18 जून के बीच नेक्सजेन इवेंट, जानिए कितनी है प्राइज मनी?

**वाराणसी।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) वाराणसी में नेक्सजेन सीजन के छठे इवेंट के साथ अपनी शुरुआत करेगा। 25 लाख रुपए की इनामी राशि वाला यह इवेंट 16 से 18 जून तक बीएलडब्ल्यू ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में खेला जाएगा। यह इवेंट तीन राउंड (54 होल्स) में खेला जाएगा और दो राउंड (36 होल्स) के बाद 'कट' लागू होगा। टॉप-36 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी तीसरे और आखिरी राउंड के लिए 'कट' पार करेंगे। टूर्नामेंट में 72 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में सुनीत चौरसिया (2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर), राजेश कुमार गौतम, बिपिन मुखिया, अभिषेक कुमार, आदित्य राज सिंह चहल और विनय कुमार यादव के साथ-साथ 15 वर्षीय अर्जुनवीर शिशिर शामिल हैं। वाराणसी के दो खिलाड़ी इमाम-उल-हक और हेमंत यादव भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। इस साल के नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट के विजेता को 2026 सीजन के लिए मेन टूर (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) में खेलने का मौका मिलेगा।

### इंग्लैंड को लगा बड़ा झटका, न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए ओली रॉबिन्सन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। इंग्लिश तेज गेंदबाज ओली रोबिन्सन दाहिने घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। रॉबिन्सन इस सीरीज में दो साल बाद टेस्ट टीम में लौटे थे। पहले टेस्ट में लॉर्ड्स के मैदान पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्होंने 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, रॉबिन्सन की नई इंजरी ने उनकी फिटनेस को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। रोबिन्सन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला फरवरी 2024 में रांची में खेला था, जहां उन्होंने सिर्फ 13 ओवर ही गेंदबाजी की थी। वहीं, रोबिन्सन दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके थे। हालांकि, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बताया है कि रोबिन्सन टीम के साथ ही रहेंगे।

## ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम: ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना और एशियन चैंपियन प्रीति पवार करेंगी भारत की अगुवाई



**नई दिल्ली।** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने 'ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम' के लिए 12 सदस्यीय टीम घोषित की है। यह प्रतियोगिता चेक गणराज्य में 17-21 जून के बीच खेली जाएगी। इस टीम में ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और मौजूदा एशियन चैंपियनशिप गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति पवार जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। भारत 23 जुलाई से 2 अगस्त के बीच ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित होने जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारी में तेजी ला रहा है। भारतीय दल में देश के कई प्रमुख बॉक्सर शामिल हैं, जिनमें कॉमनवेल्थ गेम्स की ज्यादातर वेट कैटेगरी के टॉप-रैंक वाले एथलीट्स भी हैं। जल्द ही होने वाले बड़े इंटरनेशनल इवेंट्स को देखते हुए, यह टूर्नामेंट तैयारियों को बेहतर बनाने, कॉम्बिनेशन को परखने और यूरोप के प्रतिस्पर्धी माहौल में मजबूत विरोधियों के खिलाफ खेलने का एक अहम मौका है।

## हॉकी विमेंस नेशंस कप: भारतीय टीम ने जीत के साथ किया आगाज, रोमांचक मैच में अमेरिका को 3-2 से हराया



**ऑकलैंड,** 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप का आगाज जीत के साथ किया है। भारत की बेटियों ने मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए पूल एक के मुकाबले में अमेरिका को 3-2 से हराया।

■ दीपिका को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया

भारतीय टीम की ओर से इस मुकाबले में दीपिका ने दो, नवनीत कौर ने एक गोल किया। दीपिका को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अमेरिका ने मैच की शानदार शुरुआत की और एश्ले सेसा ने चौथे मिनट में फील्ड गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। अमेरिका ने महज तीन मिनट बाद ही अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। मैडेलिन जिमर ने सातवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया। दो गोल से पीछे चल रही भारतीय टीम ने धीरे-धीरे अटैक में अपनी पकड़ बनानी शुरू की। दूसरे क्वार्टर में उनकी कोशिशें रंग लाईं, जब ड्रैग-फ्लिक स्पेशलिस्ट दीपिका ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर कम किया और भारत को मैच में वापस ला दिया। मोमेंटम भारत के पक्ष में जाता रहा और क्वार्टर के बीच में उन्हें एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। दीपिका ने 24वें मिनट में फिर से शानदार प्रदर्शन किया और एक और पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

## नीरज चोपड़ा चोट से उबरकर वापसी को तैयार, दोहा डायमंड लीग में दिखाएंगे दमखम

**दोहा,** 15 जून (एजेंसियां)। पीठ की चोट से उबरने के बाद भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा शुक्रवार को कतर में आयोजित दोहा डायमंड लीग में अपने 2026 एथलेटिक्स सीजन की शुरुआत करेंगे। इस प्रतियोगिता के साथ नीरज करीब 9 महीने बाद वापसी करने जा रहे हैं। नीरज ने सितंबर 2025 में टोक्यो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। दुनिया के कई टॉप थ्रोअर्स के साथ, दोहा में नीरज की स्थिति का शुरुआती अंदाजा लग सकेगा। यह साल बहुत अहम है, क्योंकि इसमें कॉमनवेल्थ गेम्स और अन्य बड़े इवेंट्स होने हैं। दोहा मीट 2026 डायमंड लीग सीजन का 7वां पड़ाव है, जो 4 और 5 सितंबर को ब्रुसेल्स में होने वाले फाइनल के साथ खत्म होगा। दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज की भागीदारी की पुष्टि तब हुई, जब उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारत की 32-सदस्यीय एथलेटिक्स टीम में अस्थायी रूप से शामिल

■ दोहा मीट 2026 डायमंड लीग सीजन का 7वां पड़ाव है

किया गया था। दोहा भारतीय एथलीट के लिए एक सफल जगह रही है, जहां वह लगातार चौथी डायमंड लीग मीट में हिस्सा लेने जा रहे हैं। नीरज ने साल 2023 में 88.67 मीटर के थ्रो के साथ दोहा डायमंड लीग का खिताब जीता था। साल 2024 में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ वह दूसरे स्थान पर रहे। पिछले साल नीरज ने इसी वेन्यू पर 90.23 मीटर के थ्रो के साथ नेशनल रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इसके बावजूद जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम शुरू में एंट्री लिस्ट में थे, लेकिन फिर उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराज एक प्रमुख दावेदार के तौर पर उभरे हैं। ऐसे में 28 वर्षीय नीरज को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।




## भारत-ए बनाम श्रीलंका-ए: अंतिम पलों में गजब का रोमांच, 'सुपर ओवर' में भारतीय टीम की हार

**दांबुला,** 15 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका-ए ने सोमवार को भारत-ए के खिलाफ वनडे फॉर्मेट की त्रिकोणीय सीरीज का चौथा मुकाबला अपने नाम किया। स्कोर टाई होने के बाद मेजबान टीम ने 'सुपर ओवर' में जीत हासिल की।

रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारत-ए टीम 49.2 ओवरों में 265 रन पर सिमट गई। भारत को 29 के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (21) के रूप में पहला झटका लगा, जिसके बाद टीम ने प्रभसिमरन सिंह (11) के रूप में दूसरा विकेट भी गंवा दिया।

यहां से कप्तान तिलक वर्मा ने ऋतुराज गायकवाड़ (37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 91 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन तिलक वर्मा (23) के आउट होते ही विकेटों का पतझड़ लग गया। भारतीय टीम ने 143 के स्कोर तक अपने 7 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विपराज निगम ने सूर्यांश शेडगे के साथ आठवें विकेट के लिए 90 गेंदों में 104 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। विपराज 49 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सूर्यांश ने 66 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 72 रन की पारी खेली। श्रीलंका-ए की तरफ से मोहम्मद शिराज और विजयकांत वियासकांत ने 3-3 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, सहान अराच्चिगे, कुगाथास मथुलन और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट निकाला।



इसके जवाब में श्रीलंका-ए 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 265 रन ही बना सकी। मेजबान टीम जब बल्लेबाजी के लिए उतरी, तो उसके खाते में पहले से ही 10 रन जोड़ दिए गए थे, क्योंकि भारतीय पारी के दौरान बल्लेबाज विपराज निगम के बार-बार प्रोटेक्टेड एरिया में दौड़ने की वजह से भारतीय टीम पर 5-5 रन की दो बार पेनाल्टी लगाई गई थी। श्रीलंका को अविष्का फर्नांडो और निरोशन डिकवेला की सलामी जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 5 ओवरों में स्कोर 56 तक पहुंचा दिया। फर्नांडो 14 गेंदों में 5 चौकों के साथ 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद डिकवेला ने विशेन हलंबागे (17) के साथ 19 रन और सदीरा समरविक्रमा के साथ 37 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 112 रन तक पहुंचाया।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### नवाचार के लिए पुलिस अधीक्षक का एसआई को बधाई संदेश

**सोहागपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के द्वारा जिले में नए प्रयोग के तौर पर जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के जन्मदिन पर उन्हें जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई संदेश भेजा गया है । उनकी तरफ से सम्मान प्रदान किए जाने हेतु बधाई संदेश सभी थानों में भेजे गए हैं । इसी क्रम में थाना सोहागपुर में अगस्त उप निरीक्षक गणेश राय को भी बधाई संदेश प्राप्त हुए यह नवाचार सजग पहरी और अन्य तरह के नए प्रयोग प्रशासनिक दृष्टिकोण की कुशलता को दर्शाता है जन्मदिन पर विभाग प्रमुख के बधाई संदेश प्राप्त होने पर अधिकारी कर्मचारियों में अच्छा संदेश के साथ मनोबल भी बढ़ना स्वाभाविक है। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के द्वारा भेजे गए बधाई संदेश को सहायक उप निरीक्षक गणेश राय को थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के द्वारा प्रदाय किया गया । साथ ही समस्त नगर वासियों ने शुभकामनाएं दी है ।



### भारत भारती में समर्थ शिशु श्रीराम कथा कल से, तैयारियां हुईं पूरी

**बैतूल, देशबन्धु।** भारत भारती शिक्षा समिति के तत्वावधान में समर्थ शिशु श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ कल 16 जून से कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। कथा का समापन 20 जून को होगा। कथा पं. श्यामरूप मनावत के मुखारबिंद से प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक की जाएगी। भारत भारती शिक्षा समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से परिवार सहित कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### मालेगांव के सामुदायिक भवन की चौड़ाई 35 से 50 फीट करने की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** भैंसदेही विकासखंड के ग्राम मालेगांव में स्वीकृत सामुदायिक भवन की चौड़ाई गांव की आबादी के अनुरूप 35 फीट से बढ़ाकर 50 फीट किए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कार्यपालन यंत्री श्री मरकाम से सौजन्य मुलाकात कर चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान स्वीकृत आकार भविष्य की आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त नहीं होगा, इसलिए भवन का विस्तार किया जाना आवश्यक है।

कार्यपालन यंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए उच्चाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई शीघ्र कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया। कार्यपालन यंत्री ने पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के क्षेत्र में भी त्वरित एवं प्रभावी प्रयास करने का आग्रह करते हुए ग्रामीणों से इन विषयों को प्राथमिकता देने की अपील की।

# टोकन व्यवस्था से किसानों की बढ़ी परेशानी, खाद के लिए सुबह से लगानी पड़ रही कतार

**चिचोली, देशबन्धु।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने के लिए लागू की गई नई टोकन व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। एक ओर सरकार टोकन के माध्यम से खाद वितरण की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर पोर्टल पर अधिकांश दुकानों में खाद का स्टॉक शून्य दिखाई दे रहा है। इससे किसानों को समय और धन दोनों की हानि उठानी पड़ रही है।



किसानों का कहना है कि यूरिया खाद प्राप्त करने के लिए उन्हें सुबह 5 बजे से ही ऑनलाइन टोकन बनवाने हेतु कैफे और सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसके बावजूद सर्वर की समस्या, तकनीकी खामियों और पोर्टल पर खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है। चिचोली क्षेत्र की सरकारी एवं निजी दुकानों पर भी पोर्टल में खाद का स्टॉक शून्य बताया जा रहा है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि यूरिया एवं डीएपी खरीदने के लिए पोर्टल पर पोटाश अथवा अन्य उर्वरक खरीदने की सहमति देना अनिवार्य कर दिया गया है। जब तक किसान इसकी सहमति नहीं देते, तब तक टोकन जारी नहीं होता। इससे किसानों में असंतोष बढ़ रहा है। ग्राम जोगली की किसान ललिता कुमरे, निर्मला धुर्वे, खेमराज गंगारे तथा मलाजपुर के किसान अशोक राठौर, निवारी के हरीकिशोर राठौर और शांति सिरसाम ने बताया कि खाद के लिए ऑनलाइन टोकन लेने के बाद भी उन्हें दुकानों पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। किसानों का कहना है कि सर्वर की समस्या तो आम बात हो गई है, लेकिन अब पोर्टल पर खाद का स्टॉक नहीं दिखने से स्थिति और गंभीर हो गई है।

किसानों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द ही पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में क्षेत्र में खाद का बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ टोकन व्यवस्था को सरल बनाया जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# सड़क हादसा : बोलेरो पेड़ से टकराई, 1 बच्चे सहित 5 की मौत



**पिपरिया, देशबन्धु।** ग्राम मटकुली के पास भीषण सडक दुर्घटना में 9 साल के 1 बच्चे सहित 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। नाम अज्ञात हैं। सोमवार शाम 5.30 बजे मटकुली की ओर से पिपरिया आ रही बोलेरो क्रमांक एमपी 13 एके 4757 अनियंत्रित होकर एक पेड से टकरा कर पलटी खा गई। जिसमें 9 साल के 1 बच्चे के साथ 3 पुरुष 1 महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के वक़्त राहगीर सद्दाम खान ने थाना स्टेशन रोड पिपरिया में पदस्थ प्रआ रवीश बोहरे को हादसे की सूचना दी। पुलिस बल तुरंत घटना स्थल के लिए रवाना हो गया। इसी बीच तत्काल की सेवा के लिए प्रआ रवीश बोहरे राहगीर सद्दाम खान को फोन पर दिशा निर्देश देते रहे। खान ने अन्य लोगों की मदद से बोलेरो को सीधा कर शव और घायलों को वाहन से पिपरिया अस्पताल रवाना कराया, तब तक मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। 4 की मृत्यु घटना स्थल पर हो गई थी, वहीं अस्पताल में एक घायल ने भी दम तोड़ दिया।

### पिपरिया की टीम करेगी नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व

## अंडर 17 राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता उमरिया में



**पिपरिया, देशबन्धु।** संदीपनि आर एन ए विद्यालय पिपरिया की बालिका टीम उमरिया में होने जा रही अंडर 17 राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व करेगी।

विगत वर्ष नेशनल खेली आफरीन, मोहिनी, आकांक्षा के साथ अन्य खिलाडी भी धुरंधर प्लेयर्स में गिनी जाती हैं। टीम कोच प्रीतम सिंह पुर्विया, टीम मैनेजर शिवानी सप्रे के साथ टीम आज रवाना हुई । जिला शिक्षा अधिकारी एल एन प्रजापति, जिला खेल अधिकारी वंदना रघुवंशी विकास खंड शिक्षा अधिकारी एस एल रघुवंशी प्राचार्य संजीव दुबे ज्ञानेंद्र हरदेनिया, मनोज नागोत्रा, कोच सचिन पुर्विया ने टीम को शुभकामनायें दीं हैं ।

### आगजनी पीढ़ितों से मिले जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी

## केन्द्रीय राज्य मंत्री बोले- हम आपके साथ हैं, खुद को अकेला न समझें

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल जिले के भीमपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत रंभा के रिंगढाना में केन्द्रीयराज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके व भैसदेही विधायक महेन्द्रसिंह चौहान ने संगठन पदाधिकारियों के साथ आगजनी से पीढित परिवारो से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान पीढितों को जरूरत की सामाग्री उपलब्ध कराते हुए कहा कि पीढित परिवारों के साथ भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी दुख की इस घडी में हर समय मदद के लिए खडे है साथ की प्रशासनीक अधिकारियों को समय सीमा में पीढितों को सहायता उपलब्ध कराने के कडे निर्देश भी देते हुए जरूरत की राहत सामाग्री तत्काल उपलब्ध कराई।



इस दौरान जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, जनपद अध्यक्ष भैयालाल इरपाचे, मंडल अध्यक्ष अनिल उइके, जिला पंचायत सदस्य सोनू भलावी, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुनील भलावी, मिनांग भूसुमकर, युमो अध्यक्ष विकल सिंह, विनोद वर्टी,, सरपंच गुंजी बाई गन्नू बारस्कर, श्यामजी यादव, सरपंच मनाराम जी एवं मून्नालाल कवडे सहित अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

## 16 से 18 जून तक जनकल्याण शिविर, योजनाओं के आवेदन व समस्याओं का होगा निराकरण

**चिचोली, देशबन्धु।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए जनपद चिचोली द्वारा 16, 17 और 18 जून को जनपद पंचायत परिसर में विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।आयुष्मान भारत योजना, पीएम स्वनिधि, लाडली पंचायत बहना योजना, वृद्धावस्था पेंशन, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन लिए जाएंगे। संबंधित कार्य भी किए जाएंगे। इसके अलावा जाति, आय, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, खाद्यात्र पात्रता पर्ची, फार्मर आईडी, किसान कल्याण योजनाओं से जुड़े आवेदन, नामांतरण, बंटवारे जैसे राजस्व मामलों का भी निराकरण किया जाएगा। अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। पंचायत के मुख्य जनपद कार्यपालन अधिकारी रितेश चौहान ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें शिविर तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की है हितग्राहियों का पंजीयन करे ।

## राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर प्रशासन हुआ चुस्त कलेक्टर एवं एसपी ने लिया जायजा, पासधारकों को ही मिलेगा प्रवेश



**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के 18 जून को जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मिलानपुर हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक मार्ग व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंचकर मंच व्यवस्था, ग्रीन रूम, बैठक व्यवस्था तथा कार्यक्रम की समग्र रूपरेखा की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को समय-सीमा में व्यवस्थाएं पूर्ण करने तथा सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में केवल पासधारी व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए निर्धारित प्रवेश व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। अधिकारियों ने विभिन्न सेक्टरों का भी निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री मकसूद अहमद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश खरपूसे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंततः ग्राम तिरमहू में 10 वर्ष पुरानी विद्युत समस्या का हुआ समाधान, मिली राहत

**आमला/ बैतूल , देशबन्धु।** वितरण केंद्र आमला ग्रामीण अंतर्गत ग्राम तिरमहू में विद्युत विभाग द्वारा लंबे समय से चली आ रही विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान जनकल्याण शिविर के दौरान किया गया। विभाग द्वारा गांव में विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारू बनाने के लिए विभिन्न सुधार कार्य किए गए। ग्राम में 11 केवी लाइन के 10 तथा एलटी लाइन के 73 नए सीमेंट पोल स्थापित किए गए। साथ ही झूलती हुई एलटी लाइनों को कसकर मानक ऊंचाई पर किया गया। खेतों में स्थित दो तिरछे डीटीआर/डीपी को सीधा कर उनके स्ट्रक्चर को मजबूत बनाया गया, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हुई। किसानों की व्यक्तिगत समस्याओं का भी निराकरण किया गया। श्री रघुनाथ पूरन के खेत में नीचे झूलते तारों को सुरक्षित करने के लिए 5 पोल लगाए गए। श्री मनोज ठाकरे के खेत में 11 केवी लाइन को सुरक्षित ऊंचाई पर करने के लिए 2 नए पोल स्थापित किए गए। वहीं श्री तरुण पंडाग्रे के खेत में तिरछे डीटीआर/डीपी को सीधा किया गया। पंचायत भवन एवं स्कूल मोहल्ले में नीचे झूल रही केबल को ऊंचा करने के लिए 2 मिड-स्पान पोल लगाए गए, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हुईग्राम में आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी दी गई तथा सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बिजली बचत, विद्युत चोरी रोकथाम, विभागीय मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग तथा समय पर बिजली बिल जमा करने के संबंध में भी जागरूक किया गया।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 जून को

**बैतूल , देशबन्धु।** राष्ट्रीय पल्स-पोलियों अभियान 28 जून को आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि आयोजन के प्रथम दिवस पोलियो बूथ पर तथा दूसरे एवं तीसरे दिवस पल्स पोलियो दल घर-घर जाकर छूटे हुये बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे। सीएमएचओ डॉ हुरमाडे ने बताया कि विगत 15 वर्षो से भारत वर्ष पोलियो मुक्त है, लेकिन विश्व के कुछ भागों में और हमारे पडोसी देशों में अभी भी वाईल्ड पोलियो वायरस का संक्रमण जारी है जिससे आयातित मामलों का खतरा बना रहता है। इसलिये अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 28 जून दिन रविवार को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने महाप्रबंधक को सौंपा 14 सूत्री ज्ञापन, खेल मैदान और बुनियादी सुविधाओं को सुधारने की मांग

**इटारसी, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में आज इटारसी आगमन पर जबलपुर जोन के महाप्रबंधक (जीएम) दिलीप कुमार सिंह से संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक को 14 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया। मुलाकात के दौरान मंडल संगठक प्रीतम तिवारी ने पूरे भोपाल मंडल के रेलवे खेल मैदानों की दयनीय स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए उन्हें तत्काल ठीक कराने की पुरजोर मांग रखी। इसके साथ ही नए स्टेशन भवन के जल्द निर्माण, रेलवे कॉलोनियों की सड़कों की स्थिति सुधारने और कर्मचारियों से जुड़े अन्य आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।



### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक बंद ऋतु घोषित की गई है। इस अवधि के दौरान नदियों एवं जलाशयों में मछली पकड़ना, मछलियों का परिवहन, क्रय-विक्रय एवं अन्य संबंधित गतिविधियों पर प्रभावी प्रतिबंध रहेगा। मछली पालन विभाग के अनुसार छोटे तालाबों अथवा ऐसे जल स्त्रोतों को छोड़कर, जिनका किसी नदी से संबंध नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है, सभी नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।बंद ऋतु का उद्देश्य मछलियों के प्रजनन एवं मत्स्य संपदा के संरक्षण को सुनिश्चित करना है। इस दौरान अवैध रूप से मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय-विक्रय अथवा अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों एवं शासन के निर्देशों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ट्राइडेंट बुधनी कंपनी के लिए रोजगार मेला 18 जून को

**बैतूल, देशबन्धु।**युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। ट्राइडेंट बुधनी कंपनी द्वारा 18 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 1000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में महिला एवं पुरुष दोनों उम्मीदवार भाग ले सकेंगे।

शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले के लिए सामान्य अभ्यर्थियों की आयु 18 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अनुभवी उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष रखी गई है। अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा अथवा स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी 18 जून 2026 को प्रातः 10 बजे शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई गोविंदपुरा, भोपाल में अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### संपर्क अभियान के तहत शिविर 16 जून को

**बैतूल , देशबन्धु।** विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल शहर जोन- 1 द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क अभियान के तहत 16 जून को आंगनबाड़ी केंद्र परतवाड़ा रोड अचलपुर नाका बैतूल में सुबह 10 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन 1 के प्रबंधक ने बताया कि शिविर में क्लस्टर क्रमांक- 8 रामनगर वार्ड क्रमांक- 25, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक -25, जय प्रकाश वार्ड क्रमांक- 23, सोनाघाटी ग्राम एवं कोसमी ग्राम के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। 16 जून को सुबह क्लस्टर क्रमांक -7 भैंसदेही पंचायत के पास के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्या हल होगी।

# सांसद ने जीएम से की चर्चा, मालगोदाम विस्थापन, तीन पुलिया रोड और रसूलिया अंडरब्रिज समेत कई मांगों पर बनी सहमति

**इटारसी, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक (जीएम) दिलीप कुमार सिंह के प्रथम भोपाल रेल मंडल निरीक्षण के दौरान इटारसी रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण उ'चस्तरीय बैठक हुई। नर्मदापुरम-नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी और जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत ने महाप्रबंधक से सौजन्य भेंट कर इटारसी सहित पूरे संसदीय क्षेत्र की रेलवे से जुड़ी जनहित की समस्याओं और मांगों पर बेहद सार्थक चर्चा की। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने महाप्रबंधक के समक्ष क्षेत्र की कई बहुप्रतीक्षित मांगों को प्रमुखता से उठाया और उनके शीघ्र निराकरण का आग्रह किया। इस दौरान इटारसी और आसपास के रेलखंडों के विकास से जुड़े नि नलिखित प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**मालगोदाम विस्थापन :** इटारसी के बहुप्रतीक्षित मालगोदाम विस्थापन के कार्य को गति देने की मांग की गई।

**तीन पुलिया रोड का निर्माण :** डब्ल्यूसीआरएम ऑफिस से लेकर तीन पुलिया तक बनने वाले रोड के काम में तेजी लाकर इसे समय-सीमा में पूर्ण करने की बात रखी।

**अवैध वेंडरिंग पर कड़ाई :** इटारसी प्लेटफार्मों पर खान-पान स्टॉल संचालकों की मनमानी पर तत्काल रोक लगाने और अवैध वेंडरिंग पर कठोर कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया गया।

**नए अंडरब्रिज और ओवरब्रिज :** रसूलिया व ईदगाह के पास नए रेल अंडरब्रिज को स्वीकृत कर शीघ्र काम शुरू कराने, बनखेड़ी-मालनवाड़ा अंडरब्रिज के कार्य में तेजी लाने और जुझारपुर में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का काम जल्द पूरा कराने पर चर्चा हुई, जिस पर जीएम ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

**अमृत भारत व ट्रेनों का ठहराव :** सोहागपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में जोड़ने तथा बानापुरा स्टेशन पर कुछ महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी गई।

### बारह बंगला और न्यू यार्ड खेल मैदानों के समतलीकरण की मांग

बैठक में मौजूद जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत ने रेल महाप्रबंधक से इटारसी के बारह बंगला रेलवे ग्राउंड और न्यू यार्ड रेलवे स्कूल ग्राउंड की स्थिति सुधारने का आग्रह किया। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ियों की सुविधा के लिए दोनों मैदानों का समतलीकरण कराने, लाइट की व्यवस्था करने और अन्य खेल सुविधाएं प्रदान करने की पुरजोर मांग की। साथ ही उन्होंने बारिश के दिनों में रेलवे अंडरपास के नीचे जलभराव की स्थिति से निपटने और आवागमन सुगम बनाने की बात भी कही। इस महत्वपूर्ण अवसर पर इटारसी नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे, प्रयागराज रघुवंशी, अनिल चौबे, मनोज शर्मा सहित रेल प्रशासन की ओर से भोपाल मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी, रेल आईजी राजीव यादव सहित मु यालय और स्थानीय रेल प्रशासन के आला अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रेल जीएम का भोपाल-इटारसी दौरा, जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन, लोको शेड और बाईपास लाइन का किया निरीक्षण

**इटारसी, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) दिलीप कुमार सिंह ने इटारसी का सघन दौरा कर कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने भोपाल से इटारसी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैक, सिग्नलिंग और ओएचई व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। भोपाल स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और स्व' छता का जायजा लेने के बाद वे इटारसी पहुंचे।

इटारसी में महाप्रबंधक ने बहुप्रतीक्षित इटारसी बायपास रेल लाइन परियोजना की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने इटारसी स्थित विद्युत लोको शेड का भी गहन निरीक्षण किया, जहां उन्होंने लोकोमोटिव अनुरक्षण, सिमुलेटर रूम और मर मत कार्यों की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए संरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए। इस उ'चस्तरीय निरीक्षण के दौरान भोपाल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी, प्रमुख मु य विद्युत इंजीनियर मुकेश, प्रिंसिपल अजय कुमार शुक्ला सहित मु यालय और मंडल के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### प्रभातपट्टन क्षेत्र में जुआ सट्टा सरेआम चालू, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**मुलताई, देशबन्धु।** समस्त बैतूल जिले में अपराधो और अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी वीरेंद्र जैन, एस . के. सिंह एसडीओपी मुलताई ,तथा पुलिस के तत्वावधान में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि अवैध कार्यों पर अंकुश लगाया जा सके। परंतु देखा जा रहा है कि, शहीदों की नगरी प्रभात पट्टन क्षेत्र में सरेआम जुआ और सट्टे का संचालन किया जा रहा है। यहां पर सोसायटी के पीछे रहने वाले कमलेश का सट्टा कई सालों से चलता आ रहा है जिसे रोकने वाला कोई नहीं है।

### पुलिस से की नामजद शिकायत कहा- इन लोगों पर कार्रवाई करें

यह बात क्षेत्र की सारी जनता जानती है, सिवाय पुलिस के। इसी तरह से क्षेत्र में भैय्यू और उसके साथियों का जुआ क्षेत्र में प्रसिद्ध है, जो कभी बंद नहीं होता। क्षेत्र में चोरी और आपराधिक घटनाएं भी हो रही है। उसकी वजह क्षेत्र में चल रहे जुआ सट्टा का कारोबार है। इन्हीं के अनुसार जब स्थानीय पुलिस से उनकी साठगांठ है, तो जिला पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन और उनकी संयुक्त टीम ने यह बात संज्ञान में लेकर, प्रभात पट्टन क्षेत्र में उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए।

### निःशुल्क योग, शिविर में स्वस्थ रहने के गुर सीख रहे परिजन

**मुलताई, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, मुलताई के प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा, प्रतिदिन गायत्री शक्ति पीठ मुलताई में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक योग आसान , प्राणायाम,एवं ध्यान के माध्यम से उपस्थित परिजनों को स्वस्थ रहने के गुर सिखाए जा रहे हैं। गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक नारायण देशमुख ने बताया कि, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं वेदमाता गायत्री ट्रस्ट शाखा मुलताई के व्यवस्थापक रामचन्द्र जी गायकवाड़ के दिशा निर्देश पर , गायत्री शक्ति पीठ मुलताई में यह योग,प्राणायाम,ध्यान साधना शिविर सम्पन्न हो रहा है।

### योग की विभिन्न मुद्राओं को जाना और उसे कर भी रहे साधक

इस योग शिविर में उपस्थित होने वाले भाई बहनों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने,तनाव से मुक्ति,एवं विभिन्न रोगों से मुक्ति पाने हेतु, सूक्ष्म यौगिक क्रियाओं के साथ प्रज्ञा योग,सूर्य नमस्कार, वृक्छासन, ताड़ासन, मंडूकासन,वज्रासन, अनुलोम विलोम,कपालभाति ,भ्रामरी प्राणायाम ,ओंकार ध्यान आदि के द्वारा,जीवन को स्वस्थ रखने आसान प्राणायाम ध्यान का अभ्यास गायत्री परिवार के प्रशिक्षित योगाचार्य के द्वारा कराया जा रहा है। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों सम्पत राव धोटे,अरुण गड़ेकर,सुरेश माकोड़े श्यामराव बारस्कर, रामराव साहू अमृतराव बारंगे,नामदेव चिलहाटे,नारायण देशमुख आदि ने लाभ लेने का आग्रह किया है।

---

जनरेटिंग कंपनी के मुख्य गेट पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस ने दिया धरना

# पावर प्लांट में 40 प्रतिशत स्थानीय रोजगार की मांग को लेकर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, विधायक पर ठेकेदारी के गंभीर आरोप



**सारनी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, सारनी के मुख्य गेट के सामने आज उस समय भारी सियासी सरगर्मी और तनाव देखा गया, जब कांग्रेस पार्टी (असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस) के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। यह आंदोलन सारनी में निर्माणाधीन नए पावर प्लांट में स्थानीय बेरोजगार युवाओं और नागरिकों के लिए 40 प्रतिशत स्थायी रोजगार सुनिश्चित करने की मुख्य मांग को लेकर किया गया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और डिस्मेंटल के काम में जुटी %चिनार% कंपनी का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

**विधायक पर बरसे कांग्रेस नेता रोजगार नहीं, खुद की ठेकेदारी चमका रहे हैं :** धरना स्थल पर मीडिया से मुखातिब होते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने स्थानीय विधायक और सत्तापक्ष को आड़े हाथों लिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नए पावर प्लांट का निर्माण कार्य बाहरी कंपनियों को सौंप दिया गया है, जो स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में लगातार आनाकानी कर रही हैं।

**विधायक पर सीधा निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा:** कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने कहा— क्षेत्र की जनता ने विधायक को इसलिए नहीं चुना था कि वे युवाओं को रोजगार दिलाने के बजाय खुद ठेकेदारी करने लगें। नए प्लांट में रेत, गिट्टी की सप्लाई से लेकर मिक्सचर प्लांट तक का सारा काम विधायक और उनके करीबियों ने हथिया लिया है। संजीवनी नाम के एक ट्रस्ट की आड़ में यह पूरा खेल चल रहा है। विधायक का हाथ इस पूरे सिंडिकेट के पीछे है और अब तो इनकी नजर नगर पालिका के कामों पर भी टिक गई है। लंबे विचार-विमर्श के बाद, कांग्रेस नेताओं के अनुसार, मुख्य अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट रूप से आश्वस्त किया कि नए पावर प्लांट के कार्यों में 40 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को ही दिया जाएगा प्रबंधन ने भरोसा दिलाया कि वे अपनी गाइडलाइंस के तहत स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

### जेल हम गए और मलाई रसूखदार खा रहे हैं...

प्रदर्शनकारियों ने अतीत की याद दिलाते हुए कहा कि आज जिस पावर प्लांट का श्रेय लेने की होड़ मची है, उसकी मंजूरी के लिए कांग्रेस सरकार के समय सारनी की स्थानीय जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर लाठियां खाई थीं और जेल की सलाखों के पीछे गए थे। लेकिन आज जब प्लांट हकीकत बन रहा है, तो स्थानीय बेरोजगारों को दरकिनार कर केवल रसूखदार लोग अपनी जेबें भरने में लगे हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि विधायक अपनी रेत-गिट्टी की ठेकेदारी बंद कर प्लांट प्रबंधन पर दबाव बनाएं, तो क्षेत्र के युवाओं को तत्काल रोजगार मिल सकता है।

### मुख्य अभियंता के आश्वासन के बाद थमा आंदोलन

कांग्रेस के इस आक्रामक और कड़े रुख को देखते हुए म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंधन में हड़कंप मच गया। स्थिति को बिगड़ता देख मुख्य अभियंता ने तत्काल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए आमंत्रित किया।

---

# जमीन विवाद में मारपीट के बाद युवक की बाइक जलाई, एसपी से शिकायत




**बैतूल,देशबन्धु।** जिले के बीजादेही थाना क्षेत्र के ग्राम बालईमाल में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक परिवार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोप लगाया है कि खेत पर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने महिला से मारपीट की और बाद में रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहे परिवार की मोटरसाइकिल में आग लगा दी। पीड़ितों ने अनावेदकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

सरस्वती यादव, संजू यादव और सुमरत यादव निवासी बालईमाल ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि उनके परिवार द्वारा वर्षों से खेती की जा रही भूमि को लेकर 12 जून को विवाद हुआ। आरोप है कि सरदार यादव, कमलेश, अखलेश, सुम्माबाई, सुरजी, कविता, शिवानी और रोहानी खेत पर पहुंचे। विरोध करने पर सरदार यादव ने लकड़ी से सरस्वती यादव पर हमला कर दिया, जबकि अन्य लोगों ने भी मारपीट की। घटना में सरस्वती यादव को चोटें आईं। बीच-बचाव राजेन्द्र यादव ने किया। शिकायत के अनुसार घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए परिवार मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-48-एमडी-9391 से थाना बीजादेही जा रहा था। रास्ते में चूनाहजूरी और चिखली गांव के बीच जंगल क्षेत्र में सरदार यादव, कमलेश और अखलेश ने उनका पीछा कर रास्ता रोक लिया और फिर मारपीट की। पीड़ितों का आरोप है कि जान बचाने के लिए उनके भागने के बाद अनावेदकों ने मोटरसाइकिल में आग लगा दी। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि अनावेदकों ने गाली-गलौज करते हुए पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना डायल-112 को दी गई थी। पीडित पक्ष का कहना है कि इसके बावजूद थाना बीजादेही में उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर मारपीट, आगजनी और धमकी के मामले में कार्रवाई की मांग की है।

---

# सोमवती अमावस्या पर सुबह से शुरू हुआ श्रद्धालुओं का स्नान, ताप्ती तट पर भक्तों ने किया पिंडदान, तर्पण



**मुलताई, देशबन्धु।** सोमवती अमावस्या पर सोमवार को मां ताप्ती के तट पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जिले सहित आसपास के क्षेत्र में पहुंचे भक्तों ने ताप्ती नदी में पवित्र स्नान किया और परिवार की सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। सुबह से शाम तक लगभग 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। सुबह तड़के से ही ताप्ती के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ आना शुरू हो गई थी, जो दिन भर रही। सोमवती अमावस्या के विशेष धार्मिक महत्व के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग, और युवाओं ने स्नान एवं दान पुण्य किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां ताप्ती मंदिर में दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। कई भक्तों ने ताप्ती तट पर पिंडदान तर्पण किया और जरूरतमंदों को दान भी दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका द्वारा घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। महिला पुलिस बल भी तैनात किया गया था। स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया ।पंडित सौरभ जोशी ने बताया कि, सोमवती अमावस्या पर पवित्र मां ताप्ती में स्नान करने से जन्मों जन्मों के पाप धुल जाते हैं, पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, और अखंड सौभाग्य धन समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या पर पवित्र नदी में स्नान और भगवान शिव और पीपल वृक्ष की पूजा से विशेष पुण्य मिलता है। इसी आस्था के कारण मुलताई के साथ-साथ बैतूल, छिंदवाड़ा, नागपुर, और आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ताप्ती तट पहुंचे थे। पूरे दिन ताप्ती तट पर धार्मिक वातावरण बना रहा। मंदिर परिसर और घाटों में भक्ति गीत और मंत्र उच्चारण गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने मां ताप्ती का आशीर्वाद लेकर परिवार की सुख समृद्धि और शांति की कामना की।

---

युवा कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

# निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक निष्पक्षता खो चुका: यादव





**बैतूल, देशबन्धु।** कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को जिला युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय सरदार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लल्ली चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के दौरान पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार कर आग बुझाने और प्रदर्शन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता अपने विरोध पर डटे रहे।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय सरदार यादव ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन जैसी वरिष्ठ और ईमानदार नेत्री का राज्यसभा नामांकन कथित रूप से तकनीकी आधारों पर निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक निष्पक्षता खो चुका है और भाजपा सरकार के दबाव में कार्य कर रहा है। युवा कांग्रेस नेताओं संजय सरदार यादव और प्रीतेश गंगारे ने संयुक्त रूप से कहा कि निर्वाचन आयोग अब स्वतंत्र संस्था की बजाय भाजपा के कठपुतली विभाग की तरह कार्य करता दिखाई दे रहा है। युवा कांग्रेस संगठन प्रभारी लवलेश बब्बा राठौर और प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह इवने ने भी निर्वाचन अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि यदि दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की गई तो युवा कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज करेगी। नेताओं ने चेतावनी दी कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए युवा कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी । प्रदर्शन में युवा कांग्रेस संगठन प्रभारी लवलेश बब्बा राठौर, हर्षवर्धन धोटे, मनोज आहूजा, राजू चौबे, अनूप जायसवाल, प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह इवने, कमलेश यादव, राहुल परते, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जैद खान, विधानसभा अध्यक्ष बैतूल प्रीतेश गंगारे, धर्मेंद्र भलावी, मनीष साहू, प्रदीप पंवार, सोनल धुर्वे, गगन गायकवाड़, राहुल चंदेलकर, संतोष हनोते आदी थे।

---

# पत्रकार वार्ता में बोले डागा- नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय




**बैतूल, देशबन्धु।** लोकतंत्र, किसानों, पेयजल व्यवस्था, मेडिकल कॉलेज, महंगाई और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय बैतूल गंज में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है और यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। श्री डागा ने कहा कि जिस आधार पर नामांकन निरस्त किया गया, उसने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिस निजी परिवाद का हवाला दिया गया, उसमें मीनाक्षी नटराजन अभियुक्त नहीं प्रतिवादी थीं। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33ए और फॉर्म-26 की भावना के अनुरूप नामांकन निरस्त करने का आधार नहीं था।

उन्होंने कहा कि यदि ऐसे विवादित आधारों पर नामांकन खारिज किए जाएंगे तो भविष्य में मनमानी और अनिश्चितता की स्थिति पैदा होगी ।श्री डागा ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन जी जैसी साफ-सुथरी छवि, वैचारिक प्रतिबद्धता और जनसेवा के लिए समर्पित नेता को चुनावी प्रक्रिया से बाहर किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। पत्रकार वार्ता में संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे, जिला प्रवक्ता लवलेश बब्बा राठौर, विजय पारधी सोशल मीडिया प्रभारी अनूप जैसवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव, जिला सचिव अभय वर्मा उपस्थित थे।

---

# किसानों को दी गई कृषि योजनाओं की जानकारी, ग्रामीणों ने चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की उठाई मांग, बोले- इससे सुरक्षा का माहौल तैयार होगा

### जन कल्याण निवारण शिविर शिविर में 238 आवेदनों में से 195 का हुआ निराकरण



**बोरदेही, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बोरदेही में आयोजित जन कल्याण निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन एवं किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में कुल 238 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 195 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को विभागीय जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। साथ ही किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं, उर्वरक वितरण व्यवस्था एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। अधिकारियों ने बताया कि इस व्यवस्था से खाद वितरण में पारदर्शिता बनी रहती है तथा किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध हो पाता है ।खेती बचाओ अभियान के अंतर्गत किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, उत्पादन लागत कम करने तथा भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने सॉइल हेल्थ कार्ड योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को मिट्टी परीक्षण कराने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि मिट्टी की जांच के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने से उत्पादन में वृद्धि होती है और भूमि की गुणवत्ता भी सुरक्षित रहती है। आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत उपलब्ध उन्नत किस्म के बीजों, उनकी विशेषताओं तथा वितरण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही कृषि विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं एवं अनुदान संबंधी प्रावधानों से भी अवगत कराया गया।

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने ग्राम के प्रमुख चौक-चौराहों एवं मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना था कि इससे सड़क दुर्घटनाओं की निगरानी, असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी। शिविर में किसानों ने अपनी कृषि संबंधी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। अधिकारियों ने किसानों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के उपाध्यक्ष रोशन भम्मरकर, जनपद सदस्य सुजीत खंडागरे, जनपद पंचायत सीईओ पंकज दारोठिया, नोडल अधिकारी अविनाश भम्मरकर, ग्राम पंचायत बोरदेही की सरपंच सरिता साहू, सचिव नत्थू नागले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग एवं विद्युत विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

# ढाई एकड़ जमीन वाले किसान को नहीं मिला कपिल धारा का लाभ, कार्रवाई की मांग




**बैतूल, देशबन्धु।** किसानों की लंबित समस्याओं और कृषि योजनाओं में हो रही देरी को लेकर भारत आदिवासी पार्टी ने प्रशासन के समक्ष आवाज बुलंद की है। ग्राम चिल्हाटी निवासी किसान मुकेश पिता केवल ने कपिल धारा कूप निर्माण योजना का लाभ नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुए बताया कि वे कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को तीन बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी शिकायत का निराकरण नहीं हुआ है। मुकेश ने बताया कि वे तहसील प्रभात पट्टन के ग्राम चिल्हाटी के स्थायी कृषक हैं और उनके पास मात्र ढाई एकड़ से भी कम कृषि भूमि है। उन्होंने कपिल धारा योजना के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया था। उनके अनुसार उनके साथ आवेदन करने वाले अन्य हितग्राहियों लोकेश पिता मुन्ना पवार तथा छोटेलाल पिता अम्रया पवार के कूप निर्माण स्वीकृत होकर पूर्ण भी हो चुके हैं, जबकि उनका आवेदन आज तक स्वीकृत नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उनके नाम कहीं अन्य कोई भूमि नहीं है और वे योजना की पात्रता रखते हैं, इसके बावजूद लाभ से वंचित हैं। किसान ने सवाल उठाया कि जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है तथा तत्काल कूप निर्माण योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

---

# प्रतिबन्ध के बावजूद लोग कचरा गाड़ी में देने की बजाए जला रहे हैं...

**आमला, देशबन्धु।** प्लास्टिक कचरा एवं अन्य हानिकारक कचरा जलाने पर प्रतिबन्ध के बावजूद लोग कचरे को कचरा गाड़ी में देने की बजाय जला रहे हैं ।

ऐसा ही दृश्य वार्ड नंबर 05 आमला खानापूर रोड पर दिखा यहां अज्ञात लोगों द्वारा कचरा जलाने से एक हरा भरा फूलों से लदा वृक्ष आधा जल गया जिससे वार्ड के लोगों,राहगीरों और प्रकृति प्रेमियों में निराशा व्याप्त है, लोगों ने बताया कि कचरा जलाने से फैली दुर्गन्ध और धुवें से उन्हें काफी असहजता और श्वांस संबधी शिकायतें मिली ! लोगों ने यह भी कहा कि इससे बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी, आग की चिंगारी और हवा अक्सर बड़ी आगजनी के पीछे कारण बनती हैं !सार्थक सृजन, आमला ने नगरपालिका से इस प्रकार की घटनाओं पर सख्त कार्यवाही करने और आम नागरिकों से कचरा एकत्र कर नियत स्थान पर देने,हरे भरे पौधे और पेड़ों की रक्षा करने और डस्टबीन इस्तेमाल करने की अपील की है।

---

# समस्या निवारण शिविर में बिजली बिल 3 गुना आने, किसानों को खाद लेने 120 किलोमीटर जाने की शिकायत

**मुलताई,देशबन्धु।** नगर के जनपद परिसर में सोमवार को ब्लॉक स्तर का समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। सबसे ज्यादा आवेदन बिजली बिलों में गड़बड़ी को लेकर आए। हेटी और जोलखेड़ा गांव में ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि, पिछले कुछ महीनो से उनके बिजली के बिल तीन गुना तक बढ़कर आ रहे हैं। जिससे उन पर पैसों का भार बहुत पड़ रहा है । अधिकारियों ने इन मामलों की जांच कर सही कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

**खाद की किल्लत किसान परेशान:** चौथिया और मोही के किसानों ने खाद के संकट का मुद्दा भी बड़े जोर-जोर से उठाया। निमानवाड़ा और आसपास के गांव के किसानों ने बताया कि, टोकन सिस्टम की वजह से उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने शिकायत की, की भौंरा सोसाइटी में नाम दर्ज होने के कारण उन्हें ,खाद लेने के लिए करीब 120 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने किसानों की इस तकलीफ को गंभीरता से लेते हुये जल्दी ही समाधान करने की बात कही।

### गोपाल तलाई और राय आमला में खराब सड़के पानी की समस्या

बरसात के मौसम को देखते हुए गोपाल तलाई और राय आमले के ग्रामीणों ने गांव की जर्जर और खराब सड़कों की समस्या भी अधिकारों के सामने रखी। उन्होंने बताया कि, बारिश शुरू होते ही कई रास्तों पर आना-जाना बंद हो जाता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। शिविर में पानी के पानी की परेशानी के मामले में भी सामने आए। जिस पर अधिकारियों ने विभाग से जुड़े हुए लोगों को पानी सप्लाई की समस्या सुधरने के लिए, इसके साथ ही गांव में साफ सफाई रखने और पानी का जमाव रोकने के लिए शोक फिट गड्ढे बनाने की निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि, शिविर में मिली सभी शिकायतों का प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा, ताकि लोगों को तुरंत राहत मिल सके। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष नानी बाई, एसडीएम राजीव कहार, और तहसीलदार संजय बारिया ,सहित अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की सब परेशानियां सुनी।

## सार-समाचार

### प्रसिद्ध लेखिका इंदिरा लंकेश का निधन

**बेंगलुरु, देशबन्धु।** दिवंगत पत्रकार गौरी लंकेश की मां और प्रसिद्ध लेखिका-उद्यमी इंदिरा लंकेश का 83 वर्ष की आयु में सोमवार 15 जून की सुबह बेंगलुरु स्थित अपने आवास पर निधन हो गया। उन्हें उम्र संबंधी बीमारियों के कारण स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा था। लंकेश के पति कन्नड़ के प्रसिद्ध साहित्यकार और पत्रकार पी. लंकेश थे। गौरी लंकेश की मां होने के साथ-साथ, इंदिरा एक लेखिका भी थीं। उनके जीवन के संस्मरण, विशेष रूप से 'हुलीमावु मद्दु नानू' को कन्नड़ साहित्य में महिला लेखकों के संस्मरणों के रूप में एक मील का पत्थर माना जाता है। उल्लेखनीय है कि इंदिरा लंकेश की बेटी गौरी लंकेश एक मुखर पत्रकार और कार्यकर्ता थीं, उनकी सितंबर 2017 में बेंगलुरु स्थित घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद, इंदिरा लंकेश ने नौ साल तक अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए चले अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### री-नीट प्रश्नपत्र के नाम पर छात्रों से ठगी, दो गिरफ्तार

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात पुलिस की अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है व राजस्थान के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने टेलीग्राम और सोशल मीडिया के जरिए री-नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर एक हजार से अधिक छात्रों और उनके अभिभावकों से करोड़ों की ठगी की। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318 (4), 319 (2), 54 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 (डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### आंध्र में खड़ी लॉरी से बाइक टकराने से तीन युवकों की मौत

**अनंतपुर, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के मदकशिरा मंडल के तडाकलापल्ली गांव में सोमवार को एक खड़ी लॉरी से बाइक टकराने से तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तीनों युवक मोटर साइकिल से मदकशिरा से हिंदूपुर जा रहे थे। उनकी बाइक एक खड़ी लॉरी से टकरा गई। मृतकों की पहचान आदिनारायण, महेंद्र और त्रिलोक के रूप में हुई है और सभी की उम्र 25 साल से कम थी। आदिनारायण और महेंद्र की तुरंत जबकि त्रिलोक की मौत बैंगलोर के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाते समय हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है।

### पटना उच्च न्यायालय में सात नए न्यायाधीशों ने ली शपथ

**पटना, एजेंसियां।** पटना उच्च न्यायालय में सोमवार को सात नये न्यायाधीशों ने पद की शपथ ली। इसके साथ ही न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 44 हो गई। मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय ने इन न्यायाधीशों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। केंद्र सरकार ने 10 जून को अधिवक्ता रंजन कुमार झा, अधिवक्ता कुमार मनीष और अधिवक्ता राज कुमार को उनके पद भार ग्रहण करने की तिथि से पटना उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया था, जबकि अधिवक्ता राणा विक्रम सिंह, अधिवक्ता विकास कुमार, अधिवक्ता गिरिजेश कुमार और अधिवक्ता आलोक कुमार को पद भार ग्रहण की तिथि से दो वर्षों की अवधि के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश बनाया था। शपथ ग्रहण समारोह में न्यायालय के न्यायाधीश, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्र, बड़ी संख्या में अधिवक्ता, विभिन्न अधिवक्ता संघों के पदाधिकारी और नवनियुक्त न्यायाधीशों के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इन सात न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण के साथ ही पटना उच्च न्यायालय में कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या 37 से बढ़कर 44 हो गई है। न्यायालय में न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों की कुल संख्या 53 है। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने गत 26 फरवरी को पटना उच्च न्यायालय के नौ अधिवक्ताओं को न्यायाधीश बनाने की अनुशंसा की थी।

जनसम्पर्क अभियान - ईवी स्कूटर से भीमनगर पहुंचे मुख्यमंत्री, जनता से किया संवाद

# 12वीं की टॉपर चांदनी से मिले, बोले - यह उपलब्धि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत राजधानी भोपाल के भीम नगर पहुंचे। उन्होंने यहां लोगों से संवाद किया और उनका हाल-चाल जाना। डॉ. यादव ने इस संवाद के लिए काफिला छोड़ इलेक्ट्रिकल व्हीकल का इस्तेमाल किया। इस मौके पर वे एमपी बोर्ड की बारहवीं की टॉपर चांदनी विश्वकर्मा के घर भी गए और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परिवार के साथ बातचीत की। उन्होंने परिजनों के साथ सेल्फी भी ली।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चांदनी ने विषम परिस्थितियों के बीच भी अपने परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प से जो सफलता अर्जित की है, वह प्रेरणादायी है। उनकी उपलब्धि न सिर्फ अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है।

डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर हमने पार्टी पदाधिकारियों के साथ यहां जनता से संवाद किया। लोगों ने बताया कि डॉ. यादव ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी जिंदगी भविष्य में और भी बेहतर होगी। मुख्यमंत्री खुद ईवी स्कूटर चलाकर भीमनगर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इसे चलाकर अच्छा भी लगा। ईवी केवल पेट्रोल के दाम ही नहीं बचाती, बल्कि हमारे कई अन्य तरह के खर्चे भी कम करती है। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी और भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति भी मौजूद थे।

**जनता रह गई अचंभित:** मुख्यमंत्री के पहुंचते ही भीम नगर का माहौल पूरी तरह बदल गया। अमूमन अपने-अपने कामों में मशरूफ रहने वाले भीम नगर के लोग आज बेहद उत्साहित और जागरूक दिखाई दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अचानक अपने सामने देख लोग अचंभित हो गए। इस बीच उन्होंने लोगों से बातचीत करनी शुरू कर दी। डॉ. यादव ने बेटियों को गोद में लेकर दुलार किया और सेल्फी ली।

# खेती- सौर ऊर्जा का संगम: भारत और जर्मनी में हुआ समझौता

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में कृषि और स्वच्छ ऊर्जा के समन्वित विकास की दिशा में सोमवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा जर्मन सरकार समर्थित इंडो-जर्मन एग्रीवोल्टाइक सहयोग परियोजना (आईजीसीए) के बीच मंत्रालय में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के तहत प्रदेश में एग्री सौर पीवी (एग्रीवोल्टाइक) परियोजनाओं के विकास को गति मिलेगी।

किसानों को खेती के साथ सौर ऊर्जा उत्पादन से मिलेगी अतिरिक्त आय

एग्रीवोल्टाइक मॉडल के अंतर्गत किसान अपनी कृषि भूमि पर खेती जारी रखते हुए उसी भूमि पर सौर ऊर्जा उत्पादन भी कर सकेंगे। इससे अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता नहीं होगी, खाद्य सुरक्षा बनी रहेगी और किसानों को खेती के साथ ऊर्जा उत्पादन से अतिरिक्त आमदनी का अवसर मिलेगा। राज्य सरकार इस योजना के तहत किसानों को सब्सिडी भी उपलब्ध कराएगी, जबकि भूमि का स्वामित्व किसानों के पास ही रहेगा। समझौते के तहत जर्मन सहयोगी संस्था परियोजनाओं की पहचान, तकनीकी और आर्थिक मूल्यांकन, डिजाइन, वित्तीय व्यवहार्यता तथा क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करेगी। साथ ही किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, ऊर्जा विकासकर्ताओं, डिस्कॉम और अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक अमनवीर सिंह बैंस, भारत में जर्मन दूतावास के प्रतिनिधि, एग्रीवोल्टाइक संगठन के एलेक्जेंडर तथा जर्मनी की जीआईजेड कम्पनी के अधिकारी उपस्थित रहे। यह पहल किसानों के लिए डबल लाभ का मॉडल साबित हो सकती है, जिसमें खेत से फसल और उसी खेत से बिजली उत्पादन दोनों के जरिए आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

मंदसौर में कांग्रेस ने किया उग्र प्रदर्शन

# भाजपा कार्यालय घेरने निकले कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने की पानी की बौछार, लाठीचार्ज भी



**मंदसौर, देशबंधु।** मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा सांसद का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को मंदसौर में युवक कांग्रेस ओर एनएसयूआई द्वारा सोमवार को उग्र प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय से भाजपा कार्यालय के घेराव के लिए निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रास्ते में बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई।

पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फायर ब्रिगेड की मदद से पानी की बौछार की तथा बाद में हल्का बल प्रयोग और लाठीचार्ज भी किया। इस दौरान 2 से 3 कार्यकर्ता के मामूली रूप से घायल होने की जानकारी सामने आई है। पार्टी के जिला कार्यालय से कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय के घेराव के लिए रैली के रूप में रवाना हुए। जिन्हें गांधी चौराहे से बालाजी मंदिर के बीच पुलिस ने उन्हें रोक लिया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। इस दौरान पीछे नहीं हटे तो पुलिस ने बल प्रयोग किया। प्रदर्शनकारी बैरिकेड पर चढ़ गए और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पहले समझाइश दी, लेकिन नहीं मानने पर फायर ब्रिगेड के माध्यम से पानी की बौछार की गई। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे और सड़क पर बैठकर धरना देने लगे। बाद में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया।

मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने के खिलाफ सड़कों पर उतरी कांग्रेस

# चुनाव आयुक्त के पुतले फूंके, पुलिस ने कई जगह किया बल प्रयोग







**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का आंदोलन तेज हो गया है। इसी क्रम में आज युवा कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले फूंके। आदांलनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की गई। इस दौरान कई जगह पुलिस और आंदोलनकारी युवाओं के बीच झड़प भी हुई। जिसके चलते पुलिस को कहीं बल प्रयोग भी करना पड़ा और पानी की बौछार भी छोड़नी पड़ी।

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया के निर्देश पर प्रदेशभर में चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए गए। युवा कांग्रेस ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, छिंदवाड़ा, बैतूल, हरदा, सतना, मुरैना, कटनी मंदसौर सहित सभी जिलों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले फूंककर विरोध दर्ज कराया। घनघोरिया ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक निष्पक्षता खो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन तकनीकी आधारों पर निरस्त करना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश का हिस्सा है। घनघोरिया ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका निष्पक्ष और स्वतंत्र होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई है। सोमवार को युवा कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद मंगलवार को एनएसयूआई विरोध प्रदर्शन करेगी, जबकि बुधवार को महिला कांग्रेस चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोलेगी।

# खनिज और राजस्व विभाग में बड़ा फेरबदल, 101 कर्मियों के तबादले

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने खनिज साधन विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले करते हुए अधिकारी से लेकर भृत्य स्तर तक कुल 101 कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। स्थानांतरण सूची 15 जून की रात जारी की गई।जारी आदेश के अनुसार खनिज साधन विभाग में 10 सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, 6 सहायक मानचित्रकार, 5 सर्वेक्षक, 4 सहायक भौतिकीविद, 2 प्रभारी अधिकारी, 14 सहायक खनिज अधिकारी, 9 खनिज निरीक्षक, 1 अधीक्षण भौमिकीविद तथा 1 भृत्य का तबादला किया गया है। वही इसके अलावा राजस्व विभाग में भी 39 पटवारियों, 7 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों, 1 राजस्व निरीक्षक तथा 2 भृत्यों के स्थानांतरण किए गए हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार विभागीय कार्यों में गति लाने तथा प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह तबादले किए गए हैं। स्थानांतरित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भारतीय नाविकों की मौत पर कड़ा विरोध दर्ज कराएं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कांग्रेस ने अमेरिकी हमले में भारतीय जहाज के चालक दल के तीन सदस्यों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुप्पी तोड़ने और इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि भारतीय नागरिकों की हत्या पर प्रधानमंत्री को शोक व्यक्त करने के साथ ही समुद्री सुरक्षा की व्यापक समीक्षा करानी चाहिए। कांग्रेस सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स विभाग प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री को इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज करने के साथ ही विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बयान की भी निंदा करनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने हमले में मारे गए हिमाचल प्रदेश के आदित्य शर्मा, उत्तर प्रदेश के शिवानंद चौरसिया और आंध्र प्रदेश के पटनाला सुरेश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नाविकों के परिवार गहरे सदमे में हैं और पूरे देश में शोक का माहौल है।

### नेशनल सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया मूल रूप से बांग्लादेश की पार्टी : रंजन

**कोलकाता, एजेंसियां।** नेशनल सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के फेसबुक पोस्ट शेयर करने के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। तृणमूल कांग्रेस पार्टी के 20 बागी सांसदों के साथ एनसीपीआई पश्चिम बंगाल की सबसे बड़ी संसदीय ताकत बनकर उभरी है। इसके बाद कांग्रेस ने उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि अब स्थिति पहले से ज्यादा विकट हो चुकी है। पहले सिर्फ बांग्लादेश के नागरिक ही भारत में अवैध रूप से दाखिल होते थे, लेकिन अब राजनीतिक दल भी हो रहे हैं। अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी के बागी नेताओं के त्रिपुरा की एनसीपीआई में शामिल होने का जिक्र करते हुए दावा किया कि यह पार्टी मूल रूप से बांग्लादेश की है, जिसका उदय ही शेख हसीना के खिलाफ मोर्चा खोलने के मकसद से हुआ था। इस पार्टी ने सुनियोजित तरीके से हिंदुस्तान की सरजमीं पर अपनी दस्तक दी और आज यह त्रिपुरा में अपनी जगह बना चुकी है। अब इसी पार्टी में टीएमसी के कई बागी नेता भी शामिल हुए हैं। उनके मुताबिक, ऐसी स्थिति में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मैं सलाह देना चाहूंगा कि वो इस पार्टी की जांच करें। इस पार्टी की जरूरी इसलिए जरूरी हो जाती है, क्योंकि बांग्लादेश के नागरिकों के इतर वहां के राजनीतिक दल भी अवैध रूप से यहां पर दाखिल हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में राजनीतिक दलों को चिन्हित करना मौजूदा सरकार के लिए जरूरी हो जाता है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, कहा

## खाद वितरण प्रणाली में बढ़ रहा माफिया का प्रभाव




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि यह संकट किसी प्राकृतिक आपदा का परिणाम नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद वितरण प्रणाली में बिचौलियों और माफिया नेटवर्क का प्रभाव बढ़ रहा है।

पटवारी ने पत्र में खरीफ सीजन में पूरे प्रदेश में खाद और डीजल की भारी कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान खेतों में बुवाई की तैयारी की बजाय खाद की लंबी कतारों में खड़े होकर मानसून का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि खाद-डीजल संकट पर तत्काल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाए। जिलावार खाद स्टॉक और वितरण की दैनिक रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और सभी संभागों में किसानों के लिए आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं। पटवारी ने इस बात का भी उल्लेख किया कि मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड, महाकौशल, ग्वालियर-चंबल और नर्मदापुरम-भोपाल संभाग समेत पूरे प्रदेश के किसान खाद की कमी से जूझ रहे हैं, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा और रतलाम में सहकारी समितियों के बाहर लंबी कतारें लगी हुई हैं। उन्होंने किसानों को निर्धारित मात्रा से कम खाद देने का भी आरोप लगाया। पटवारी ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र के खरगोन, बड़वानी, खंडवा और बुरहानपुर के किसान कपास और सोयाबीन की बुवाई की तैयारी छोड़कर डीजल और खाद के लिए भटक रहे हैं।

मोहनजोदड़ो की 'नृत्यांगना' प्रतिमा को लेकर नया विवाद

# मूल स्वरूप में चित्र प्रकाशित करने की तैयारी



**भोपाल/नई दिल्ली, देशबन्धु।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की कक्षा नवमी की नवीन कला शिक्षा पुस्तक में सिंधु सभ्यता की प्रसिद्ध 'नृत्यांगना' प्रतिमा के परिवर्तित चित्र को लेकर उठे विवाद के बीच अब प्रतिमा के मूल स्वरूप वाले चित्र को पुन: प्रकाशित किए जाने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, आपत्तियों और व्यापक चर्चा के बाद परिषद इस विषय की समीक्षा कर रही है तथा संशोधित चित्र के स्थान पर प्रतिमा का वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत किया जा सकता है।

दरअसल, मोहनजोदड़ो से प्राप्त कांस्य निर्मित 'नृत्यांगना' प्रतिमा भारतीय पुरातत्व और प्राचीन कला की सबसे महत्वपूर्ण धरोहरों में गिनी जाती है। कक्षा नवमी की नई कला शिक्षा पुस्तक में प्रकाशित चित्र में प्रतिमा के ऊपरी भाग को ढका हुआ दिखाया गया था, जिसके बाद इतिहासकारों, शिक्षाविदों और कला विशेषज्ञों ने इसे ऐतिहासिक तथ्य और मूल कलाकृति के स्वरूप से छेड़छाड़ बताया।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रतिमा लगभग साढ़े चार हजार वर्ष पुरानी सिंधु सभ्यता की उत्कृष्ट कलाकृति है और इसे उसी रूप में विद्यार्थियों के सामने रखा जाना चाहिए, जिस रूप में वह पुरातात्विक धरोहर के रूप में उपलब्ध है। कई विद्वानों ने तर्क दिया कि ऐतिहासिक धरोहरों के मूल स्वरूप में परिवर्तन से विद्यार्थियों तक तथ्यों की सही जानकारी नहीं पहुंच पाती। विवाद बढ़ने के बाद परिषद के स्तर पर समीक्षा की प्रक्रिया शुरू हुई है। जानकारी के अनुसार, अब पुस्तक में प्रयुक्त परिवर्तित चित्र को हटाकर प्रतिमा का मूल चित्र शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय की औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है।

उल्लेखनीय है कि मोहनजोदड़ो की 'नृत्यांगना' प्रतिमा भारतीय उपमहाद्वीप की प्राचीन कला, धातु शिल्प और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक मानी जाती है। इतिहासकारों का मानना है कि ऐसी धरोहरों का अध्ययन उनके वास्तविक स्वरूप में ही कराया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को इतिहास और कला की प्रामाणिक जानकारी प्राप्त हो सके।

अदालत की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई

# सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा राम मंदिर दान चोरी का मामला

### अखिलेश ने उठाया था मामला, चर्चा का विषय बना



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में भक्तों द्वारा दिए गए दान और चढ़ावे के प्रबंधन में कथित गड़बड़ियों का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। इस संबंध में शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें दान और चढ़ावे के प्रबंधन में कथित हेराफेरी की जांच कराने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता अनूप प्रकाश अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि कथित अनियमितताओं के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया जाए। साथ ही अदालत की निगरानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो से मामले की जांच कराने पर भी विचार करने की मांग की गई है। याचिका में दान और चढ़ावे के प्रबंधन से जुड़े पहलुओं की विस्तृत जांच की आवश्यकता बताई गई है। यह मुद्दा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उठाए जाने के बाद व्यापक चर्चा का विषय बना। इसके बाद कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं साधु-संतों के बयान भी सामने आए, जिससे यह विवाद और सुर्खियों में आ गया।

**विवाद बढ़ने पर यूपी सरकार ने बनाई एसआईटी:** मामले के तूल पकड़ने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया है। इस टीम में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन को शामिल किया गया है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने सोमवार को कहा कि दान राशि में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही एसआईटी द्वारा किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अयोध्या में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट जांच में पूरा सहयोग करेगा और एसआईटी को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में उनकी रविवार को जिला प्रशासन से बातचीत हुई थी और प्रशासन ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

### सूचना का अधिकार बना नया धंधा : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, देशबन्धु। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को टिप्पणी की कि सूचना के अधिकार के नाम पर सक्रियता अब एक नया धंधा बनता जा रहा हैं। न्यायालय ने सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोपित एक व्यक्ति की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने आरोपी राकेश कुमार बहल को राहत देने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मौखिक रूप से कहा कि आजकल सूचना के अधिकार की सक्रियता एक नया व्यवसाय बन गई है। पीठ ने यह भी कहा कि सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित शासकीय एजेंसियों की है। न्यायालय की इस टिप्पणी को सूचना के अधिकार के दुरुपयोग को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।